दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
RNI NO. UPHIN/2018/76874
नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 100 | मंगलवार, 14 अप्रैल-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# नोएडा में बवालः मजदूरों का हिंसक प्रदर्शन, 50 फैक्ट्रियों में तोड़फोड़








**कपिल चौहान**

**नोएडा (वेलकम इंडिया)।** सैलरी बढ़ाने की मांग को लेकर पिछले कई दिनों से चल रहा कर्मचारियों का आंदोलन सोमवार को हिंसक हो गया। 9 अप्रैल से जारी विरोध प्रदर्शन ने अचानक उग्र रूप ले लिया, जब सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी डंडे-लाठी लेकर सड़कों पर उतर आए। सबसे पहले फेज-2 क्षेत्र में हालात बिगड़े, जहां नाराज कर्मचारियों ने पथराव शुरू कर दिया। देखते ही देखते हिंसा नोएडा के करीब 10 इंडस्ट्रियल इलाकों में फैल गई। सेक्टर-85 स्थित डिक्सन कंपनी का गेट भी प्रदर्शनकारियों ने तोड़ दिया। वहीं, सेक्टर-1, 15, 62 और उठऊ फ्लाईओवर के पास सड़कों को जाम कर दिया गया।

### एनएच-9 पर भीषण जाम

प्रदर्शन का असर एनएच-9 पर भी देखने को मिला, जहां कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जाम में फंसी एंबुलेंस और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### कर्मचारियों की चेतावनी

प्रदर्शनकारी कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा।

### क्या-क्या हुआ?

- 50 से ज्यादा फैक्ट्रियों में तोड़फोड़ और पथराव
- करीब 150 गाड़ियों को नुकसान, 50 से अधिक वाहनों में आगजनी
- कई शोरूम के बाहर खड़ी कारों को फूंका गया
- पुलिस को खदेड़ा, एक पुलिस वाहन पलटा
- सेक्टर-57, 40, 60, 85 समेत कई इलाकों में उग्र प्रदर्शन

### सरकार सख्त, हाईलेवल जांच कमेटी गठित

उत्तर प्रदेश सरकार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए हाईलेवल कमेटी का गठन किया है। डीजीपी राजीव कृष्ण और एडीजी (लॉ एंड ऑर्डर) अमिताभ यश लगातार कंट्रोल रूम से हालात की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। डीजीपी ने साफ कहा है कि अफवाह फैलाने वालों और हिंसा में शामिल लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई

हालात बेकाबू होते देख कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने उन पर भी पथराव कर दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। संवेदनशील इलाकों में RAF और PAC की तैनाती की गई है। सभी प्रमुख मार्गों पर बैरिकेडिंग कर दी गई है, जिससे यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ।

## नोएडा बवाल के बाद गाजियाबाद पुलिस हाई अलर्ट पर, इंडस्ट्रियल एरिया में फ्लैग मार्च और सख्त निगरानी




**गाजियाबाद।** नोएडा में हुए हालिया बवाल के बाद गाजियाबाद पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गई है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार इंडस्ट्रियल एरिया में फ्लैग मार्च कर रही है और कंपनी मालिकों व कर्मचारियों से शांति बनाए रखने की अपील कर रही है। पुलिस द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दी गई है, साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग भी की जा रही है। अधिकारियों ने कर्मचारियों से साफ तौर पर कहा है कि किसी भी स्थिति में क्षेत्र में हिंसक माहौल न बनने दें और आपसी सहयोग से शांति व्यवस्था कायम रखें। एसीपी कोतवाली उपासना पाण्डेय ने बताया कि पुलिस लगातार फ्लैग मार्च और चेकिंग अभियान चला रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई भी व्यक्ति माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त नगर/मुख्यालय श्री धवल जायसवाल ने सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम और पुलिस बल के साथ एनएच-9, सेक्टर-62 कट क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पूरी सतर्कता बरतते हुए यातायात को सुचारू रखें और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। पुलिस प्रशासन ने आम जनता और औद्योगिक इकाइयों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# महिला आरक्षण पर पीएम मोदी का बड़ा कदम, बोले- 16 अप्रैल से इतिहास रचने को तैयार संसद

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकतांत्रिक ढांचे में महिलाओं के लिए आरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया है। आज नई दिल्ली में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी देश के लोकतंत्र को मजबूत करती है। उन्होंने कहा कि भारत की नारी शक्ति ने इसमें महत्वपूर्ण योगदान दिया है और संसद के बजट सत्र का विशेष सत्र इसी महीने की 16 तारीख से आयोजित होने जा रहा है।

मोदी ने कहा कि हमारे देश की संसद एक नया इतिहास रचने के करीब है। एक ऐसा नया इतिहास, जो अतीत की संकल्पनाओं को साकार करेगा, जो भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा। एक ऐसे भारत का संकल्प जो समतामूलक हो, जहां सामाजिक न्याय केवल एक नारा न हो, बल्कि हमारी कार्य संस्कृति का, हमारी निर्णय प्रक्रिया का स्वाभाविक हिस्सा हो। राज्यों की विधानसभाओं से लेकर देश की संसद तक दशकों की प्रतीक्षा के अंत का समय 16, 17, 18 अप्रैल है। 2023 में नई संसद में हमने नारीशक्ति वंदन अधिनियम के रूप प्रथम कदम उठाया था। वह समय से लागू हो सके, महिलाओं की भागीदारी हमारे लोकतंत्र को मजबूती दे, इसके लिए 16 अप्रैल से संसद के बजट सत्र की विशेष बैठक का आयोजन होने जा रहा है और उससे पहले आज नारीशक्ति वंदन का ये कार्यक्रम, इसके जरिए हमें देश की कोटि-कोटि माताओं बहनों का आशीर्वाद मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आप सभी देश के कोने-कोने से आई हैं। आपकी इस उपस्थिति के लिए, इस महत्वपूर्ण काम के लिए आपने जो समय निकाला है, उसके लिए मैं आप सबका हृदय से अभिनंदन करता हूं। साथ ही भारत की सभी महिलाओं को एक नए युग के आगमन की बधाई भी देता हूं। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संरचना में महिलाओं को आरक्षण देने की जरूरत दशकों से हर कोई महसूस कर रहा था। इस विमर्श को करीब 4 दशक बीत गए। इसमें सभी पार्टियों के और कितनी ही पीढ़ियों के प्रयास शामिल हैं। हर दल ने इस विचार को अपने-अपने ढंग से आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि 2023 में जब नारी शक्ति वंदन अधिनियम आया था, तब भी सभी दलों ने सर्वसम्मति से इसे पास कराया था। तब एक सुर में ये बात भी उठी थी कि इसे हर हाल में 2029 तक लागू हो जाना चाहिए। खासकर, हमारे विपक्ष के सभी साथियों ने मुखर होकर इस बात पर जोर डाला था कि 2029 में ये लागू हो जाना चाहिए। मोदी ने कहा कि हमारा प्रयास और प्राथमिकता है कि इस बार भी ये काम संवाद, सहयोग और सहभागिता से हो। मुझे पूरा विश्वास है कि जिस प्रकार से इस अधिनियम को पारित किया गया था और संसद का गौरव बढ़ा था। इस बार भी सबके सामूहिक प्रयास से संसद की गरीमा और नई ऊंचाइयों को छुएगी। इस समय भी हमारे देश में राष्ट्रपति जी से लेकर वित्त मंत्री जैसे अहम पद महिलाएं ही संभाल रही हैं। उन्होंने देश की गरिमा और गौरव, दोनों को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में महिला नेतृत्व का एक बेहतरीन उदाहरण पंचायती राज संस्थाएं भी हैं। आज भारत में 14 लाख से अधिक महिलाएं लोकल गवर्नमेंट बॉडीज में सफलतापूर्वक काम कर रही हैं। लगभग 21 राज्यों में तो पंचायतों में उनकी भागीदारी करीब-करीब 50% तक पहुंच चुकी है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि लाखों महिलाओं की राजनीति और सामाजिक जीवन में ये सक्रियता, दुनिया के बड़े-बड़े नेताओं और राजनीति के विशेषज्ञों के लिए भी बहुत ही हैरान करने वाली बात होती है। इससे भारत का गौरव बहुत बढ़ता है। अनेक अध्ययनों में ये सामने आया है कि जब निर्णय प्रक्रियाओं में महिलाओं की सहभागिता बढ़ी, तो इससे व्यवस्थाओं में भी संवेदनशीलता आई है। 2014 में हमारे देश में करोड़ों महिलाएं ऐसी थी, जिन्होंने कभी बैंक का दरवाजा भी नहीं देखा था। महिलाएं बैंकिंग सेक्टर से जुड़ी ही नहीं थी, तो उन्हें बैंकिंग का लाभ कैसे मिलता। हमने जनधन योजना शुरू की, तो देश की 32 करोड़ से ज्यादा महिलाओं के बैंक खाते खुले।

## पवन खेड़ा के समर्थन में उतरे राहुल गांधी, कहा- हिमंत देश के सबसे भ्रष्ट सीएम, हम डरेंगे नहीं

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 31 जनवरी, 2026 को कहा कि असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुयान शर्मा पर कई पासपोर्ट रखने के आरोपों के बीच पार्टी अपने नेता पवन खेड़ा का समर्थन करती है। पर एक पोस्ट में गांधी ने हिमंता बिस्वा सरमा को देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री बताया और कांग्रेस के आरोपों की जांच की मांग की। उन्होंने लिखा कि असम के वर्तमान मुख्यमंत्री देश के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं। वे कानून से नहीं बचेंगे। अपने राजनीतिक विरोधियों और आलोचकों को परेशान करने के लिए सत्ता का दुरुपयोग करना संविधान के खिलाफ है। उठाए जा रहे सवालों की जांच होनी चाहिए। पारदर्शिता, सत्ता की जवाबदेही और कानून का शासन हमारे संवैधानिक मूल्यों का आधार हैं। कांग्रेस पार्टी पवन खेड़ा के साथ खड़ी है। हम डरेंगे नहीं।

ये टिप्पणियां असम पुलिस द्वारा तेलंगाना उच्च न्यायालय के उस फैसले के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में अपील करने के बाद आईं, जिसमें पवन खेड़ा को 10 अप्रैल से एक सप्ताह के लिए कुछ शर्तों के साथ पारगमन जमानत दी गई थी। जमानत आदेश के अनुसार, खेड़ा को उचित कानूनी राहत पाने के लिए असम की सक्षम न्यायालय में जाना होगा। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने आरोप लगाया था कि रिनिकी भुयान शर्मा के पास तीन पासपोर्ट हैं और मुख्यमंत्री के परिवार, जिनमें उनका बेटा भी शामिल है, का अमेरिका में 52,000 करोड़ रुपये का कारोबार है। असम की मुख्यमंत्री ने इन दावों का खंडन किया। इन आरोपों के बाद, रिनिकी भुयान शर्मा ने खेड़ा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई और असम पुलिस ने उनके आवास पर तलाशी ली।

10 अप्रैल को असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की आलोचना करते हुए उनकी प्रतिक्रिया को घबराहट और हताशा बताया। एएनआई से बात करते हुए गोगोई ने कहा कि मुझे लगता है कि मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पूरी तरह से घबरा गए हैं। वे दहशत में हैं। उन्हें उम्मीद नहीं थी कि खबरें इतनी वायरल हो जाएंगी। इसलिए, पिछले 5-6 दिनों से वे सचमुच अपने बाल नोच रहे हैं। उनकी हताशा उनके शब्दों, कार्यों और चेहरे पर साफ झलकती है। मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि सिर्फ चिल्लाने से सच झूठ नहीं बन जाता; सिर्फ यह दिखाने से कि आपके पास जांच करने की शक्ति है, तथ्य काल्पनिक नहीं हो जाता।

## मोहन भागवत बोले- जब भी विश्व संकट में घिरा, भारत ने ही हमेशा रास्ता दिखाया है

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नोएडा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भगवत ने सोमवार को कहा कि भारत की आध्यात्मिक विरासत और संतों की शिक्षाओं ने ऐतिहासिक रूप से देश को वैश्विक उथल-पुथल का सामना करने और संकट के समय मार्गदर्शन प्रदान करने में सक्षम बनाया है। उन्होंने देश की इस लचीलेपन का श्रेय उसकी आध्यात्मिक बुद्धिमत्ता को दिया। भागवत ने यह टिप्पणी महाराष्ट्र के नागपुर के तुलसी नगर इलाके में 'श्री मज्जिनेंद्र पंचकल्याणेश्वर प्रतिष्ठा महोत्सव' के तहत सात दिवसीय अनुष्ठान समारोह में की।

सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब भी दुनिया संकटों में घिरी होती है, हमारा राष्ट्र ही वह शक्ति बनकर उभरता है जो उसे उस संकट से बाहर निकालता है। मानव अस्तित्व का सच्चा परिप्रेक्ष्य हमारे इसी आध्यात्मिक ज्ञान में निहित है।

## फर्जी वोटिंग पर लगेगी लगाम? सुप्रीम कोर्ट ने बायोमेट्रिक सिस्टम पर केंद्र, चुनाव आयोग से मांगा जवाब

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने मतदान केंद्रों पर दोबारा मतदान रोकने के लिए उंगली और आंखों की पुतली से बायोमेट्रिक पहचान प्रणाली लागू करने की मांग वाली याचिका पर भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई), केंद्र और राज्यों को नोटिस जारी किया। यह याचिका भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय ने दायर की थी। यह नोटिस भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची सहित दो न्यायाधीशों की पीठ ने जारी किया। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में चल रहे विधानसभा चुनावों के संदर्भ में इस याचिका पर विचार नहीं किया जा सकता। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा,हालांकि, अगले संसदीय चुनाव और/या राज्य विधानसभा चुनावों से पहले इस तरह का उपाय अपनाना उचित है या नहीं, इसकी जांच करने की आवश्यकता है। नोटिस जारी करें। सुनवाई के दौरान, पीठ ने पहले याचिकाकर्ता को निर्वाचन आयोग के पास जाने के लिए कहा था, लेकिन याचिकाकर्ता द्वारा यह स्पष्ट करने के बाद कि वह चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में चल रहे विधानसभा चुनावों के बारे में बात नहीं कर रहे हैं, मामले की सुनवाई के लिए सहमत हो गई। अदालत ने टिप्पणी की कि यह जांच करना आवश्यक है कि क्या आगामी संसदीय चुनावों या राज्य चुनावों के लिए इस तरह के प्रोटोकॉल का पालन किया जा सकता है। असम, केरल और पुडुचेरी में मतदान 9 अप्रैल को एक ही चरण में हुआ, जबकि तमिलनाडु में मतदान 23 अप्रैल को होगा। पश्चिम बंगाल में दो चरणों में मतदान होगाः 23 और 29 अप्रैल। सभी राज्यों के चुनाव आयोग 4 मई को परिणाम घोषित करेंगे।

## ठाणे में 11 की मौत, दो लोग घायल; पुल पर सीमेंट मिक्सर से सीधे टकराई वैन, रेस्क्यू जारी

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र में सोमवार को एक भीषण सड़क हादसे की खबर सामने आई है। महाराष्ट्र पुलिस ने बताया कि राज्य के ठाणे जिले में एक पुल पर सीमेंट मिक्सर से एक वाहन टकराने से 11 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में दो लोग घायल हुए हैं। घायलों को पुलिस ने तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस की ओर से दुर्घटनास्थल पर बचाव एवं राहत कार्य जारी है। हादसे के बाद पुल पर ट्रैफिक जाम हो गया था। पुलिस उसे भी खुलवाने की कोशिश में जुटी है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, बचाव दल और चिकित्सा टीमें तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गईं। घायलों को अस्पताल ले जाने और शवों को निकालने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। महाराष्ट्र पुलिस ने बताया कि महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सोमवार को एक भयावह सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें एक वैन और सीमेंट मिक्सर की टक्कर हो गई। यह हादसा सुबह करीब 11:30 बजे मुरबाड के गोविली गांव में रैता पुल पर हुआ।

## संपादक की कलम से

# शांति वार्ता तार-तार, राष्ट्र प्रमुखों की जिद्द और आसन्न परमाणु युद्ध



ललित शर्मा
संपादक

अमेरिका,इजरायल और ईरान के बीच शांति वार्ता के विफल होने पर वैश्विक परिदृश्य एक ऐसे मोड़ पर खड़ा दिखाई देता है, जहाँ कूटनीति की भाषा कमजोर और शक्ति-प्रदर्शन की भाषा प्रबल होती जा रही है। पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव विशेष रूप से अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच, विश्व को एक संभावित महायुद्ध यहाँ तक कि परमाणु युद्ध की आशंका की ओर धकेल रहा है। इस संपूर्ण घटनाक्रम में डोनाल्ड ट्रंप की नीतियाँ और उनके निर्णय भी चर्चा के केंद्र में हैं, जिन्हें लेकर विश्व स्तर पर विभिन्न प्रकार की प्रतिक्रियाएँ सामने आई हैं। उनके द्वारा लिए जा रहे निर्णय पर अमेरिका के नागरिक उनके संसद सदस्य और वैश्विक देश के नेताओं द्वारा भी अविश्वास प्रकट किया जा रहा है उनकी मानसिक स्थिति पर भी अब सवालिया निशान लगने लगे हैं। ऐतिहासिक तौर पर देखा जाए तो शांति वाताओं का उद्देश्य सदैव संघर्ष को समाप्त कर स्थिरता स्थापित करना होता है, किंतु हालिया प्रयासों में यह उद्देश्य बिखरता हुआ प्रतीत हो रहा है। जब मध्यस्थता के लिए पाकिस्तान जैसे कमजोर,आतंकवादी और अपरिपक्व मानसिकता वाले देश को आगे किया गया, तब ही कई कूटनीतिक विश्लेषकों ने इसकी निष्पक्षता और प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया था। किसी भी शांति प्रक्रिया की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि मध्यस्थ देश निष्पक्ष, विश्वसनीय और सभी पक्षों के लिए स्वीकार्य हो। यदि मध्यस्थ ही अपने रणनीतिक हितों में उलझा हो, तो वार्ता का मार्ग स्वत: ही संदिग्ध हो जाता है। अमेरिका और इजरायल का दृष्टिकोण ईरान की परमाणु क्षमताओं को सीमित करने पर केंद्रित रहा है, जबकि ईरान अपनी संप्रभुता और सुरक्षा के अधिकारों का सदैव पक्षकार रहा है। ईरान का कहना है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांति और ऊर्जा के उद्देश्य से है, परंतु पश्चिमी देशों को इसमें संभावित सैन्य उपयोग की आशंका दिखाई देती है। यही अविश्वास शांति वार्ता को बार-बार विफल करता रहा है। अमेरिका द्वारा ईरान के प्रस्तावों को अस्वीकार करना इस बात का संकेत है कि दोनों पक्षों के बीच संवाद की खाई गहरी होती जा रही है। इजरायल, जो पहले से ही ईरान को कई वर्षों से अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है, और उसके लिए यह लड़ाई अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भी है और वह किसी भी प्रकार के समझौते को लेकर अत्यंत सावधान और अतिरिक्त सतर्क है। ऐसे में जब तीनों शक्तियाँ अपने-अपने हितों की रक्षा के लिए किसी भी हद तक अड़े हुए और अडिग हों, तो शांति का मार्ग और भी ना मुमकिन सा होता दिखाई देता है। यदि यह तनाव आगे बढ़कर जैसा की युद्ध विश्लेषक आशंका जाता रहे हैं परमाणु संघर्ष में परिवर्तित होता है, तो इसके परिणाम न केवल अत्यंत भयानक तथा विनाशक होने की संभावना होगी बल्कि युद्ध क्षेत्र भी सीमित नहीं रहेंगे, पूरी दुनिया इसकी जद और बड़े प्रभाव में आ जाएगी। सबसे पहले असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। तेल उत्पादक क्षेत्र होने के कारण पश्चिम एशिया में युद्ध छिड़ने से कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आएगा, जिससे महंगाई वैश्विक स्तर पर बेकाबू हो जाएगी। भारत जैसे विकासशील देशों के लिए यह स्थिति और भी गंभीर हो सकती है, जहाँ पहले से ही आम जनता महंगाई के दबाव से जूझ रही है। महंगाई का सीधा असर आम जीवन पर पड़ता है। खाद्य पदार्थ, ईंधन, परिवहन, दवाइयाँ सभी की कीमतें आसमान छूने लगती हैं।

# मिसिसिपी के किनारे और गंगा के तट पर



वीरेंद्र बहादुर सिंह
लेखक

वेदना का कोई नाम-पता नहीं होता। असीम शोषण सहने वाली शोषित जनता को तो हमेशा शोषण का शिकार बनना पड़ता है और उनका शोषण करने वाले भी नए-नए उपाय, कानून और रास्ते खोजकर उनका खून-पसीना चूसते रहते हैं। भारतीय दलित साहित्य और अमेरिकी नीग्रो साहित्य की पीड़ा-कथाओं से गुजरते हुए यह मानव जाति की शर्मनाक कहानियां लगती हैं। इनमें अपमान, तिरस्कार और यातना के अलावा कुछ दिखाई नहीं देता।

एक समानता यह भी है कि भारत में जैसे दलित शोषित अल्पसंख्यक हैं, वैसे ही अमेरिका में नीग्रो (1970 के बाद यह शब्द प्रयोग में नहीं है, उसकी जगह ब्लैक या अफ्रीकी-अमेरिकी शब्द प्रयोग होता है) अल्पसंख्यक हैं। दोनों शोषित और अल्पसंख्यक होने के बावजूद उनके शोषण का प्रकार बिलकुल अलग है।

नए विश्व के नाम से पहचाने जाने वाले अमेरिका ने सत्ता और संपत्ति पाने के लिए जबरदस्ती अफ्रीकी मूल के अश्वेत लोगों को वहां लाकर बसाया। नया विश्व बनाने के लिए उनसे कड़ी मेहनत कराकर प्रभुत्व स्थापित करना था। इसलिए अफ्रीका से लाए गए मजदूरों को गुलामी के कानून के तहत जंजीरों में जकड़कर उनका भयानक शोषण किया गया।

भारतीय दलित समाज की तुलना में अमेरिकी अश्वेत समाज का अपने मूल देश अफ्रीका से संबंध पूरी तरह तोड़ दिया गया। केवल उनका अफ्रीकी शरीर और मन बचा, लेकिन उनकी भाषा, धर्म, इतिहास, परंपरा और संस्कृति सब मिटा दी गई। धीरे-धीरे उनमें श्वेत रक्त का संचार करने के लिए उन पर श्वेतों का धर्म और संस्कृति लादी गई, जिसके परिणामस्वरूप वे अपने अफ्रीकी मूल से पूरी तरह कट गए।

एक तरह से ऐसा हुआ, जैसे किसी भूमि में उगे सुंदर वृक्ष को जबरदस्ती उखाड़कर प्रतिकूल वातावरण वाले अनजान प्रदेश में रोप दिया जाए। धीरे-धीरे ये ब्लैक लोग अमेरिका में श्रमिक बन गए और वहीं बस गए। परिणामस्वरूप वे अपने मूल देश अफ्रीका से दूर हो गए और इसीलिए कई ब्लैक कवियों को यह प्रश्न परेशान करता रहा- 'What is Africa to me?'

मिसिसिपी नदी के किनारे गुलामी को बनाए रखने के लिए अमेरिका ने ऐसी क्रूरता दिखाई कि उस नदी के पानी में नीग्रो लोगों के आंसू बहते रहे।

धीरे-धीरे उनकी भाषा, धर्म, संस्कृति और पहनावे में बदलाव आया और उन्होंने श्वेत लोगों के नाम-उपनाम भी अपना लिए। फिर भी उन्हें अधिकार नहीं मिले। उन्हें शहरों के किनारों पर रहना पड़ा, मानो श्वेत समाज के दरवाजे के बाहर। अमेरिका में भारत जैसी अस्पृश्यता नहीं थी, लेकिन उन्हें 'आउटकास्ट' यानी बहिष्कृत माना जाता था। दूसरी ओर भारत में दलितों के संदर्भ में रंग निर्णायक नहीं था, बल्कि वर्णव्यवस्था कारण बनी। एक अर्थ में अस्पृश्यता धार्मिक और सामाजिक गुलामी थी। उन पर भाषा या धर्म नहीं थोपा गया, लेकिन उन्हें समाज में बहिष्कृत जीवन जीना पड़ा। अमेरिका के अश्वेतों की तरह भारत में भी एक समय दलितों को संपत्ति या अधिकार नहीं थे। अमेरिका में ब्लैक लोग रंगभेद के शिकार बने, जबकि भारत में दलितों को धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक बहिष्कार सहना पड़ा। एक समय ऐसा भी था कि उनके स्पर्श से लोग दूर रहते थे।

समय की दृष्टि से देखें तो भारत में अस्पृश्यता की गुलामी अमेरिका की गुलामी से भी अधिक प्राचीन है। अमेरिका में गुलाम अपने मालिक को कीमत देकर स्वतंत्र हो सकता था, लेकिन भारत में जन्म के आधार पर बनी अस्पृश्यता से मुक्ति संभव नहीं थी। वह सर्वकालिक और सर्वव्यापी थी। यह सर्वव्यापी इसलिए थी, क्योंकि इसके पीछे धार्मिक मान्यता थी। अस्पृश्यता को शास्त्रों का समर्थन था, जबकि अमेरिका की गुलामी को धर्म का ऐसा समर्थन नहीं था।

इस दृष्टि से भारत में दलितों का शोषण अधिक व्यापक था। वे देश के नागरिक होते हुए भी सत्ता, संपत्ति और संस्कृति से वंचित रहे। अमेरिका के ब्लैक अपने देश से बाहर जा सकते थे, लेकिन भारतीय दलितों के पास ऐसा विकल्प नहीं था। दो-ढाई सौ साल बाद भी अमेरिकी अश्वेत आत्मविश्वास से नहीं कह सकते थे कि यह भूमि हमारी है। और डा. आंबेडकर ने गांधीजी से कहा था, 'Gandhiji, I have no homeland.'

ब्लैक लोगों के पास अफ्रीका की स्मृति थी, लेकिन भारतीय दलितों के पास ऐसी कोई आधारभूमि नहीं थी। इसलिए उनके मन में देश के प्रति एक अलग भाव उत्पन्न हुआ।

उन्हें पीढ़ी दर पीढ़ी मजदूरी करनी पड़ी। उन्हें अच्छे कपड़े पहनने, आभूषण धारण करने या अच्छे नाम रखने तक की मनाही थी। उनके विवाह में बारात नहीं निकल सकती थी, हालांकि अब स्थिति कुछ बदल रही है।

मुख्य अंतर यह है कि ब्लैक का प्रश्न रंगभेद से जुड़ा है, जबकि अस्पृश्यता जातिभेद से। एक प्राकृतिक है, दूसरा मानव निर्मित। लेकिन दोनों स्थितियां मनुष्य की स्वार्थ वृत्ति से उत्पन्न हुई हैं।

दोनों ने आत्महीनता और आत्मतिरस्कार का अनुभव किया है। दोनों को कर्मवाद की जेल में कैद किया गया। ऐसी गुलामी दानवता को जन्म देती है। अंततः वे ईश्वर से मृत्यु की प्रार्थना करते हैं कि 'ईश्वर, चारों ओर से घिरा है दावानल,क्यों नहीं आती तुम्हें दया?'

अमेरिका में गुलामी समाप्त हो गई, लेकिन अश्वेतों की पीड़ा अभी भी बनी हुई है। दमन का रूप बदला है, लेकिन वेदना वही है। भारत में भी दलित साहित्य में वही पीड़ा झलकती है।

एक समय अश्वेतों ने मुक्ति के लिए ईसा मसीह को पुकारा, तो दलित संत कवियों ने 'विठ्ठल' को अपनी पीड़ा सुनाई। असल में किसी भी देश की संस्कृति के आधार में उसके शोषितों और श्रमिकों का खून-पसीना और आंसू होते हैं।

मेक्सिको के समुद्र तट पर घूमते एक यात्री ने एक वृद्ध व्यक्ति को देखा, जो झुककर स्टारफिश उठाता और उसे पानी में वापस डाल देता था। हजारों स्टारफिश किनारे पर फंसी थीं। कुछ तड़प रही थीं, कुछ मर चुकी थीं। यात्री ने कहा, 'इतनी सारी स्टारफिश हैं, तुम क्या फर्क ला पाओगे?'

वृद्ध ने एक स्टारफिश को उठाकर समुद्र में फेंका और कहा, 'देखो, इस एक के लिए तो फर्क पड़ गया।' और उसने आगे कहा, 'मैं अकेला सबको नहीं बचा सकता, लेकिन इसलिए प्रयास छोड़ दूं, ऐसा भी नहीं। एक व्यक्ति भी परिवर्तन ला सकता है।'

# मनुमुक्त 'मानव' ट्रस्ट द्वारा स्मृति-समारोह आयोजित



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक

देश के स्वाधीनता-संग्राम में नामचीन नेताओं के साथ पंडित मातादीन जैसे उन लाखों कार्यकताओं का भी महत्त्वपूर्ण योगदान था, जिन्होंने स्वाधीनता की मीनार का कंगूरा बनने की बजाय, नींव का पत्थर बनना स्वीकार किया।

यह कहना है सुदूर पश्चिम प्रदेश, महेंद्रनगर (नेपाल) के पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद राजेंद्रसिंह रावल का। मनुमुक्त 'मानव' मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा स्थानीय सैक्टर-1, पार्ट-2 स्थित अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र मनुमुक्त भवन में, प्रजामंडल-आंदोलन के योद्धा और प्रमुख समाजसेवी पंडित मातादीन तथा उनकी धर्मपत्नी मूर्तिदेवी की स्मृति में आयोजित 28वें वार्षिक समारोह में, बतौर मुख्य अतिथि अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि पंडित मातादीन तथा उनके साथियों ने, अंग्रेजों के साथ-साथ उनके पिट्ठू राजाओं के खिलाफ भी, प्रजामंडल-आंदोलन के माध्यम से दोहरी लड़ाई लड़ी, जिसे हमेशा याद रखा जायेगा।

सिंघानिया विश्वविद्यालय, पचेरी बड़ी (राजस्थान) के कुलपति तथा भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी डॉ. मनोजकुमार गर्ग और भाषा आयोग नेपाल, काठमांडू के सदस्य डॉ. पुष्करराज भट्ट, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन (मध्यप्रदेश) के कुलानुशासक डॉ. शैलेंद्रकुमार शर्मा और नगर परिषद् की पूर्व चेयरमैन तथा भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष भारती सैनी ने भी, स्वतंत्रता-संग्राम और समाजसेवा के क्षेत्र में पंडित मातादीन के योगदान की चर्चा करते हुए, उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

पंडित जी के सुपुत्र और चीफ ट्रस्टी डॉ. रामनिवास 'मानव' ने माता-पिता पर केंद्रित दोहे प्रस्तुत किये। उनका एक दोहा देखिये- 'जीवन में जब भी मिले, खुशियाँ या अवसाद। अम्मा-बाबूजी सदा, रह-रह आये याद।।'

उद्योग विकास अधिकारी डॉ. सुनील भारद्वाज द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना-





गीत के उपरांत ट्रस्टी डॉ. कांता भारती के प्रेरक सानिध्य और डॉ. पंकज गौड़ के कुशल संचालन में सम्पन्न हुए इस समारोह के प्रारंभ में संयुक्त भारतीय धर्म-संसद के प्रांतीय अध्यक्ष राकेश मेहता ने पंडित मातादीन के जीवन और कार्यों पर प्रकाश डाला, वहींओशिन शुक्ला साक्षी (नारनौल), डॉ. मुकुट अग्रवाल (रेवाड़ी), संजय पाठक (जैतपुर) और प्रवेंद्र पंडित (अलवर) ने, कविताओं के माध्यम से, पंडित जी की उपलब्धियों को रेखांकित किया।

ये हुए पुरस्कृत-सम्मानित : समारोह में सुदूर पश्चिम प्रदेश, महेंद्रनगर (नेपाल) के पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद राजेंद्रसिंह रावल (महेंद्रनगर) को अंगवस्त्र, स्मृति-चिह्न, सम्मान-पत्र और 11,000/- की राशि भेंट कर मातादीन-मूर्तिदेवी जीवन-साधना पुरस्कार से तथा सिरसा की वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. शील कौशिक और अंबाला छावनी की दिवंगत साहित्यकार तथा संपादक उर्मि कृष्ण को 5000-5000/- के मातादीन-मूर्तिदेवी स्मृति-पुरस्कार से नवाजा गया, वहीं नेपाल के डॉ. पुष्करराज भट्ट (काठमांडू) और हरीशप्रसाद जोशी (महेंद्रनगर), डॉ. शैलेंद्रकुमार शर्मा (उज्जैन) और आचार्य प्रद्युम्न (नारनौल) को मातादीन-मूर्तिदेवी शिखर-सम्मान से तथा नेपाल के त्रिविक्रम पांडे (ललितपुर), भानुभक्त आचार्य और राजेंद्र नाथ (काठमांडु, भारत के डॉ. हरेराम पाठक (डिब्रूगढ़), डॉ. प्रभु चौधरी (उज्जैन), डॉ. शहेनाज अहेमद (नांदेड़), प्रो. विजयकुमार मिर्चे (महासमुंद), डॉ. ललितकुमार सिंह (दिल्ली), प्रवेंद्र पंडित (अलवर), रामानंद शर्मा (शिमला), पंकज शर्मा (अंबाला), विजय कुमार (अंबाला छावनी), मेजर शक्तिराज कौशिक और डॉ. ज्ञानप्रकान पीयूष (सिरसा), डॉ. धर्मवीर यादव और डॉ. सुधा यादव (मीरपुर, रेवाड़ी) तथा संदीप प्रसाद, सरोज कश्यप, सुभाष कश्यप आदि (नारनौल) को, विभिन्न क्षेत्रों में उनके विशिष्ट योगदान के दृष्टिगत, मातादीन-मूर्तिदेवी स्मृति-सम्मान प्रदान किया गया।

इनकी रही उल्लेखनीय उपस्थिति : तीन घंटों तक चले इस महत्त्वपूर्ण समारोह में सिंघानिया विश्वविद्यालय, पचेरी बड़ी (राजस्थान) के उपकुलपति सुनीलकुमार सोबती, कैंपस डायरेक्टर पीएस जस्सल और पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. धर्मपाल बरगढ़, हकीकत यादव दिल्ली), डॉ. भंवरसिंह कसाना (महेंद्रगढ़), पूर्व जिला बाल-कल्याण अधिकारी, महेंद्रगढ़ विपिन शर्मा, बीइओ, अटेली मुकेश कुमार, डॉ. सीएस वर्मा (मंडी अटेली), वहीं नारनौल से भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष सरला यादव, निगरानी समिति के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र गौड़, अखिल भारतीय साहित्य परिषद् के अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र भारद्वाज, डॉ. जितेंद्र भारद्वाज, क्षेत्रीय भूगर्भ जल वैज्ञानिक राकेश निमहोरिया, समाजसेवी रामानंद अग्रवाल, घनश्याम गर्ग और रानी सांघवी, प्रोफेसर डॉ. वंदना कुमारी, प्रमुख पर्यावरणविद् कृष्णावतार शर्मा और कृष्णकुमार शर्मा, मुरारीलाल शर्मा, एडवोकेट, श्रद्धा शर्मा, ऋतु शर्मा, डॉ. शर्मिला यादव और केबीसी फेम सचिन अग्रवाल के साथ कई गणमान्य नेपाली नागरिकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## खोल दो खुशियों की बाजार

उदय किशोर साह



कविता

खोल दो अब खुशियों की बाजार
ग्राहकों को मत करा और इन्तजार
बदल डालो जग में खुद की व्यवहार
मानव हो मानव से। करना है प्यार

छोड़ दो जंग और छोड़ दो तकरार
म्यान में वापस रख दुधारी जंगी तलवार
बम बारूद की बन्द करो दुजै पे प्रहार
इन्सानियत की भूख से तड़प रहा संसार

धन दौलत की नहीं है भाईचारे में दरकार
खुद से कर खुद पर विश्वास का इकरार
चल कर आयेगी शुकून चैन तेरे दरबार
हॅसीन नजारे की बहने लगेगी तब बयार

तर्क कुतर्क का कर दो मन से तिरस्कार
भाईचारे की मार्ग की है आज की पुकार
शर्म से झुक जायेगी दुश्मन की वार
शांति मार्ग की खुल जा येगी हर द्वार

प्यार मोहब्बत की पुजारी है ये संसार
लड़ाई झगाड़े की क्यूं बना तुँ यार
नहीं चाहिये वैमनस्यता की ओछी हार
चन्द पलों की ये जीवन की है बाजार

# एक नया नुस्खा: महिलाओं द्वारा डिजाइन की गई स्वास्थ्य देखभाल



डॉ विजय गर्ग
लेखक

स्वास्थ्य देखभाल, अपने सर्वोत्तम रूप में, सभी को समान रूप से सेवा प्रदान करना है। फिर भी, दशकों से महिलाओं की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को अक्सर गलत समझा जाता रहा है, उनका पर्याप्त शोध नहीं किया गया है या उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया है। देरी से निदान से लेकर मातृ देखभाल और मानसिक स्वास्थ्य सहायता में अंतराल तक, यह प्रणाली हमेशा महिलाओं की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती है। हालांकि, आज एक शक्तिशाली बदलाव चल रहा है। महिलाएं नवप्रवर्तकों, डॉक्टरों, शोधकर्ताओं और नीति निमार्ताओं के रूप में आगे बढ़ रही हैं, तथा सहानुभूति, समावेशिता और सटीकता के साथ स्वास्थ्य देखभाल को नया स्वरूप दे रही हैं। महिलाओं द्वारा बेहतर स्वास्थ्य देखभाल डिजाइन करना, महिलाओं के लिए एक नारा नहीं है; यह एक आवश्यक परिवर्तन है। पारंपरिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में सबसे महत्वपूर्ण चुनौतियों में से एक है प्रतिनिधित्व की कमी। वर्षों से, चिकित्सा अनुसंधान मुख्यतः पुरुष शरीर पर केंद्रित रहा है, तथा उन्हें सामान्य माना जाता था। इससे महिलाओं को अलग-अलग प्रभावित करने वाली स्थितियों, जैसे हृदय रोग, स्वप्रतिरक्षी विकार और हार्मोनल स्वास्थ्य समस्याएं, का गलत निदान और अप्रभावी उपचार हो गया है। महिला डिजाइनर और शोधकर्ता अब लिंग-विशिष्ट अनुसंधान और व्यक्तिगत देखभाल की वकालत करके इस असंतुलन को चुनौती दे रही हैं। जब महिलाएं स्वास्थ्य देखभाल समाधानों के डिजाइन में शामिल होती हैं, तो परिणाम अक्सर अधिक समग्र होते हैं। वे उन क्षेत्रों पर ध्यान आकर्षित करते हैं जिन्हें कभी उपेक्षित किया गया था। मासिक धर्म स्वास्थ्य, प्रजनन अधिकार, रजोनिवृत्ति देखभाल और मानसिक कल्याण। ये कोई विशिष्ट चिंता नहीं है, बल्कि जीवन के आवश्यक पहलू हैं जो लाखों लोगों को प्रभावित करते हैं। महिलाओं के नेतृत्व वाली पहल से सुरक्षित स्थान निर्मित हो रहे हैं, जहां मरीज महसूस करते हैं कि उनकी बात सुनी गई है, उनका सम्मान किया गया है और उन्हें समझा गया है, जिससे इन विषयों पर खुलकर चर्चा करने की लंबे समय से चली आ रही वर्जनाएं टूट गई।

इस परिवर्तन में प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मासिक धर्म चक्र को ट्रैक करने वाले मोबाइल स्वास्थ्य ऐप्स से लेकर गर्भावस्था के स्वास्थ्य की निगरानी करने वाले पहनने योग्य उपकरणों तक, महिला नवप्रवर्तक व्यक्तियों को अपने शरीर के बारे में जानकारी देने के लिए डिजिटल उपकरणों का उपयोग कर रहे हैं। टेलीमेडिसिन प्लेटफॉर्म स्वास्थ्य सेवा को और अधिक सुलभ बना रहे हैं, विशेष रूप से ग्रामीण या वंचित क्षेत्रों की महिलाओं के लिए, जिन्हें देखभाल प्राप्त करने में सामाजिक या तार्किक बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है। बेहतर स्वास्थ्य देखभाल डिजाइन करने का एक और प्रमुख पहलू समावेशन है। महिलाएं समझती हैं कि स्वास्थ्य सेवा को विभिन्न समूहों के लिए उपयुक्त होना चाहिए। आयु, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, भूगोल और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि। एक ही उपाय सभी के लिए उपयुक्त नहीं है। उदाहरण के लिए, किसी ग्रामीण महिला की स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताएं शहरी पेशेवर से काफी भिन्न हो सकती हैं। निर्णय लेने में विभिन्न समुदायों की महिलाओं को शामिल करके, स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियां अधिक उत्तरदायी और न्यायसंगत बन सकती हैं। नेतृत्व भी मायने रखता है। जब महिलाएं अस्पतालों, शोध संस्थानों और स्वास्थ्य मंत्रालयों में नेतृत्व के पद पर होती हैं, तो नीतियां व्यापक दृष्टिकोण को दर्शाती हैं। मातृ मृत्यु दर, बाल पोषण, कार्यस्थल स्वास्थ्य और लिंग-आधारित हिंसा जैसे मुद्दों पर वह ध्यान दिया जाता है जिसके वे हकदार हैं। महिला नेतृत्व सहयोग, करुणा और दीर्घकालिक सोच को बढ़ावा देता है। एक टिकाऊ स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के निर्माण के लिए आवश्यक गुण।

शिक्षा और जागरूकता समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी साक्षरता से सशक्त बनाना उन्हें अपने और अपने परिवार के लिए सूचित निर्णय लेने में सक्षम बनाता है। जब महिलाएं निवारक देखभाल, पोषण और मानसिक स्वास्थ्य को समझती हैं, तो इसका लाभ व्यक्तियों से आगे बढ़कर पूरे समुदाय तक पहुंच जाता है। शिक्षित महिलाएं अक्सर बेहतर स्वास्थ्य प्रथाओं की वकालत करती हैं, जिससे भावी पीढ़ियों पर प्रभाव पड़ता है। हालाँकि, चुनौतियाँ बनी हुई हैं। लैंगिक पूर्वाग्रह, महिलाओं पर केंद्रित अनुसंधान के लिए धन की कमी और सांस्कृतिक बाधाएं अभी भी दुनिया के कई हिस्सों में प्रगति को सीमित करती हैं। इन बाधाओं पर काबू पाने के लिए सरकारों, संस्थानों और बड़े पैमाने पर समाज से सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। विज्ञान, चिकित्सा और नवाचार में महिलाओं का समर्थन करना केवल समानता के बारे में नहीं है; यह सभी के लिए स्वास्थ्य देखभाल परिणामों में सुधार करने के बारे में है। महिलाओं के लिए बेहतर स्वास्थ्य देखभाल तैयार करने से अंततः अधिक मानवीय और प्रभावी प्रणाली बनेगी। यह सुनिश्चित करता है कि देखभाल केवल नैदानिक नहीं बल्कि करुणामय हो, न केवल प्रतिक्रियाशील बल्कि निवारक भी हो। जब महिलाएं स्वास्थ्य देखभाल डिजाइन के केंद्र में होती हैं, तो प्रणाली अधिक समावेशी, उत्तरदायी और लचीली हो जाती है। महिलाओं के अनुभवों की दृष्टि से स्वास्थ्य देखभाल को पुनः कल्पना करने में, हम ऐसे भविष्य के करीब पहुंच रहे हैं जहां प्रत्येक व्यक्ति लिंग की परवाह किए बिना वह देखभाल प्राप्त करता है जिसके वे वास्तव में हकदार हैं।

# समर फैशन टिप्स



स्नेहा सिंह
लेखिका

गर्मी के मौसम की तेज धूप और तपिश से लोग अक्सर परेशान हो जाते हैं। शरीर में पसीना आने से थकान महसूस होती है और ताजगी कम हो जाती है। ऐसे में महिलाएं अपने पहनावे और सुंदरता को बनाए रखने में कठिनाई महसूस करती हैं। इसलिए गर्मियों में ठंडक का अहसास देने वाले और धूप व लू से बचाने वाले फैशन को बनाए रखना थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो जाता है। गर्मियों में अधिकांश लोग सूती कपड़े पहनना पसंद करते हैं, क्योंकि यह आरामदायक होते हैं। लेकिन इस मौसम में अन्य प्रकार के फैब्रिक के आउटफिट भी पहने जा सकते हैं।

### 0 सामान्य लुक

गर्मियों में हल्का मेकअप, सादगी भरे कपड़े और हल्के रंग एक आकर्षक लुक देते हैं। भारी कढ़ाई या गहरे रंगों के कपड़ों की बजाय हल्के और लाइट वेट आउटफिट चुनने चाहिए। युवतियां कालेज में फ्लोरल लांग ड्रेस पहन सकती हैं। घर पर स्लीवलेस या हाफ स्लीव कपड़े आरामदायक रहते हैं। बाहर जाते समय तेज धूप से त्वचा को बचाने के लिए फुल स्लीव या श्रग पहनना बेहतर होता है, जिससे टैनिंग से बचा जा सके।

### 0 स्कार्फ

स्कार्फ और काटन जैकेट पहनने से गर्मी में ठंडक भी मिलती है और स्टाइलिश लुक भी मिलता है।

### 0 पेस्टल रंग

आउटफिट के लिए लेमन, लाइट पिंक, पीच, स्काई ब्लू, केसरिया, येलो, आरेंज, लैवेंडर और हल्का हरा रंग चुन सकते हैं। ये रंग गर्मियों में देखने में भी अच्छे लगते हैं और ठंडक का एहसास देते हैं। सफेद रंग भी आंखों को नहीं चुभता और ठंडक प्रदान करता है, इसलिए इसे भी प्राथमिकता देनी चाहिए।

### 0 फैब्रिक

गर्मियों में सूती कपड़े सबसे अच्छे होते हैं, क्योंकि ये पसीना सोख लेते हैं। इसके अलावा रेयान, लिनन, शिफान, मलमल, होजरी, आर्गेंजा और जार्जेट जैसे हल्के फैब्रिक भी आरामदायक होते हैं।

### 0 हैट्स और सनग्लासेस

स्टाइलिश सनग्लासेस और हैट पहनने से धूप से बचाव होता है और लुक भी फैशनेबल बनता है।

### 0 जूते

पैरों को ठंडक और आराम देने के लिए हल्के और हवा आने-जाने वाले जूते पहनने चाहिए। स्टाइलिश फ्लिप-फ्लाप्स, स्लाइड्स या स्ट्रैपी सैंडल्स लुक को और सुंदर बनाते हैं।

### 0 एक्सेसरीज

हल्की एक्सेसरीज जैसे छोटे बीड्स की माला, लेयरिंग चेन, मोती के हल्के ब्रेसलेट और छोटे स्टड इयररिंग्स कालेज और आफिस दोनों जगह पहने जा सकते हैं।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुआ किसान दिवस का आयोजन

## माह अप्रैल, 2026 में किसान दिवस आयोजन के सम्बन्ध में

हरेंद्र शर्मा



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद में अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) महोदय हापुड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार हापुड़ में प्रातः 11.00 बजे से किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के विभिन्न क्षेत्रो के कृषको एवं कृषक प्रतिनिधियो द्वारा प्रतिभाग किया गया।

किसान दिवस में योगेन्द्र कुमार उप कृषि निदेशक हापुड़ के द्वारा उपस्थित सभी सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारियो एवं कृषक बन्धुओ का स्वागत किया गया। सर्वप्रथम उप कृषि निदेशक, हापुड़ के द्वारा उपस्थित कृषक भाईयों को अवगत कराया गया कि जनपद में कैम्प मोड में फार्मर रजिस्ट्री बनाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है, जिन कृषको द्वारा फार्मर रजिस्ट्री भी तक नहीं बनवायी गयी है तो वह जल्द ही फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने हेतु अनुरोध किया गया तथा फार्मर रजिस्ट्री कराने की पूरी प्रकिया से अवगत कराया गया।

गतमाह मार्च, 2026 के किसान दिवस में प्राप्त शिकायतो से सम्बन्धित निस्तारण आख्या उपस्थित सभी कृषको के समक्ष पढ़कर सुनाई गयी तथा निस्तारण सम्बन्धी विस्तृत विवरण से सम्बन्धित अधिकारी के द्वारा कृषको को अवगत कराया गया। आज किसान दिवस में विभिन्न कृषको के द्वारा समस्या लिखित रूप से अवगत करायी गयी।

अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) महोदय हापुड़ द्वारा किसान दिवस में समस्त सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों / प्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से अपने विभाग से संबंधित समस्याओं का निस्तारण एक सप्ताह में करके प्रत्येक दशा में निस्तारण की कार्यवाही की प्रति किसान दिवस के नोडल अधिकारी उप कृषि निदेशक, हापुड़ कार्यालय निकट कोतवाली में उपलब्ध कराते हुये एक प्रति शिकायतकर्ता को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

# कुर्मी क्षत्रिय सभा का 18वां सामूहिक विवाह समारोह सम्पन्न, नवदंपतियों को मिला आशीर्वाद

लुकमान खान





**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** बीसलपुर विधानसभा 130 पूर्व प्रत्याशी दिव्या गंगवार समाजसेवी चौधरी प्रदीप पटेल ने बरेली कि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रश्मि पटेल कुर्मी क्षत्रिय सभा द्वारा 18वां सामूहिक विवाह समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया, जिसमें कई जोड़ों ने विवाह बंधन में बंधकर अपने जीवन की नई शुरुआत की। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समारोह में तहसील बीसलपुर क्षेत्र से भी कई लोग शामिल हुए। इस दौरान प्रदीप जी सहित ओमपाल गंगवार, भूदेव गंगवार (प्रधान), अवी, धीरेश, मुकेश, अमित, रजनीश एवं राजपाल आदि उपस्थित रहे। हालांकि वे निर्धारित समय से कुछ देर बाद पहुंचे, लेकिन सभी ने वर-वधू को आशीर्वाद देकर उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने नवदंपतियों को जीवन में एक-दूसरे का सहयोग करते हुए पारिवारिक एवं सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने की सीख दी। सामूहिक विवाह जैसे आयोजन को समाज में एक सकारात्मक पहल बताते हुए इसकी सराहना की गई। आयोजकों द्वारा बताया गया कि कुर्मी क्षत्रिय सभा बरेली हर वर्ष इस तरह के सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करती है, जिससे समाज में एकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिलता है। साथ ही कुर्मी क्षत्रिय सभा बरेली द्वारा संचालित पटेल छात्रावास, पटेल लाइब्रेरी एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों की भी सराहना की गई। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में सहभागिता का भरोसा जताया गया।

# मोहम्मदपुर भायपुर तिराहे से 25 हजार का इनामी गैंगस्टर आशू पांडे गिरफ्तार

लुकमान खान



**पीलीभीत पूरनपुर(वेलकम इंडिया)।** कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त को मोहम्मदपुर भायपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार वर्ष 2025 में मोटरसाइकिल चोरी और वर्ष 2023 में मोबाइल लूट की घटनाओं में शामिल अभियुक्तों के विरुद्ध 23 मार्च 2026 को थाना पूरनपुर में मु0अ0सं0 113/2026 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

मामले में वांछित अभियुक्त आशू पांडे पुत्र सुरेंद्र कुमार पांडे निवासी ग्राम मोहम्मदपुर भायपुर थाना पूरनपुर जनपद पीलीभीत पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मोहम्मदपुर भायपुर तिराहा भगवन्तापुर रोड के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# आयुष्माणु आरोग्य शिविर लगाकर की जा रही टी 0बी0 की जांच ए आई आधारित हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन से शिविर में किया जा रहे हैं एक्स-रे

हरेंद्र शर्मा



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद में प्रधानमंत्री टी0बी 0मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनपद में 24 मार्च से 100 दिवसीय विशेष टी 0बी0 अभियान चलाया जा रहा है इसके तहत आज सोमवार को जनपद के हापुड़ ब्लॉक एवं धौलाना ब्लॉक के गांव में शिविर लगाए गए जिसमें नई तकनीकी का उपयोग करते हुए ए आई आधारित हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन से टी 0बी0 के संभावित लक्षणों वाले रोगियों की जांच कराई गई मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 वेद प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि सौ दिवसीय टी 0बी0 अभियान का उद्देश्य है कि हर गांव में टी 0बी0 का इलाज और जांच की सुविधा पहुंचे जिससे कि कोई भी मरीज छूट न जाए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में अभी तक तीन ब्लाकों में तीन हैंडहेल्ड मशीनों का उपयोग हो रहा है जिनको विकासखंड हापुड़ धौलाना एवं सिंभावली में चलाया जा रहा है किंतु वर्तमान में विकासखंड सिंभावली की मशीन खराब होने के कारण कार्य नहीं हो पा रहा है शासन द्वारा दो कार्य दिवसों में नई मशीन भेजने का आश्वासन दिया गया है नई मशीन आने पर शिविर का संचालन यथावत जारी रहेगा जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह ने बताया कि इस मशीन का आकार काफी छोटा होता है और इसको आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा सकता है डॉ सिंह ने बताया कि 24 मार्च से शुरू हुए अभियान में अभी तक 26स्थानों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा चुका है जिसमें टी 0बी0 के संभावित लक्षणों वाले कुल 2082 व्यक्तियों की जांच की जा चुकी है इसके अलावा शिविर में आए सभी लोगों को टी 0बी0 के लक्षणों जैसे दो सप्ताह से ज्यादा खांसी,खांसी में बलगम आना, बलगम में खून का आना,सीने में दर्द रहना,बुखार का आना,भूख कम लगना,वजन कम होना, रात में पसीना आना आदि के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई एवं निःक्षय पोषण योजना और निःक्षय मित्र योजना के विषय में भी जानकारी दी गई कार्यक्रम में उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ कृष्ण कुमार शर्मा जिला कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर दीपक शर्मा व जिला पी 0पी0 एम0 कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी जिला स्तरीय निरीक्षण टीम में सहयोग कर रहे है।

# फादरसन पब्लिक स्कूल में आगामी इन्वेस्टीचर सेरेमनी के अंतर्गत दूसरे चरण का आयोजन



नितिन शर्मा

**चांदपुर(वेलकम इंडिया)।** फादरसन पब्लिक स्कूल में आगामी इन्वेस्टीचर सेरेमनी के अंतर्गत दूसरे चरण का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इस चरण में हेड बॉय और हेड गर्ल पद के लिए चयनित विद्यार्थियों के इंटरव्यू आयोजित किए गए। इस विशेष प्रक्रिया के लिए एक प्रतिष्ठित जजिंग पैनल का गठन किया गया, जिसमें विद्यालय के प्राचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी, कोऑर्डिनेटर संदीप सिंह तथा किड्स पैराडाइज की हेड मिनी फ्रांसिस शामिल रहीं। जजिंग पैनल ने सभी चयनित विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया, जिसमें उनके नेतृत्व कौशल, आत्मविश्वास, संचार क्षमता और निर्णय लेने की योग्यता का मूल्यांकन किया गया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ अपने विचार प्रस्तुत किए, जिससे कार्यक्रम अत्यंत प्रभावशाली और प्रेरणादायक बना। यह प्रक्रिया निष्पक्ष और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई, जो विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और नेतृत्व विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

# शेरपुर कलां क्रय केन्द्र घोटाले की भेंट, पंचायत भवन पर ताला बैनर से चल रही खरीद की 'फर्जी कहानी

## कागजों में क्रय केन्द्र चालू, जमीनी हकीकत में ताला बंद; किसान औने-पौने दामों पर बेचने को मजबूर'

लुकमान खान



**पीलीभीत पूरनपुर(वेलकम इंडिया)।** तहसील पूरनपुर की ग्राम शेरपुर कलां में सरकारी गेहूं क्रय केन्द्र सिर्फ कागजों और बैनरों तक सिमटकर रह गया है। जमीनी हकीकत यह है कि किसानों को आज तक यह तक नहीं पता कि आखिर क्रय केन्द्र वास्तव में संचालित कहां हो रहा है। गांव के बीचों-बीच पंचायत भवन पर केवल एक बैनर टांगकर प्रशासन अपनी जिम्मेदारी पूरी मान बैठा है, जबकि मौके पर पंचायत भवन में ताला लटका हुआ मिला। किसानों का कहना है कि हर वर्ष गेहूं खरीद सीजन शुरू होते ही बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन हकीकत में न तो कोई कर्मचारी दिखाई देता है और न ही खरीद की कोई व्यवस्था। इस बार भी वही पुराना खेल दोहराया जा रहा है। पंचायत भवन तक पहुंचने के लिए गांव की सकरी गलियां इतनी संकरी हैं कि वहां से गेहूं से लदी ट्राली ले जाना संभव ही नहीं है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर किसान अपना अनाज केन्द्र तक कैसे पहुंचाएं?ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रशासन सिर्फ दिखावे के लिए बैनर लगाकर अपनी पीठ थपथपा रहा है, जबकि किसानों की समस्याओं से उसे कोई लेना-देना नहीं है। क्रय केन्द्र के नाम पर की जा रही यह लापरवाही सीधे-सीधे किसानों के साथ धोखा है। मजबूरी में किसान अपनी फसल औने-पौने दामों पर बिचौलियों को बेचने को विवश हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।प्रशासन को चाहिए कि वह कागजी खानापूर्ति छोड़कर जमीनी स्तर पर व्यवस्था को दुरुस्त करे, ताकि किसानों को उनका हक मिल सके।

# यूनिवर्सल एकेडमी में अंबेडकर जयंती, बैसाखी एवं जलियांवाला बाग स्मृति दिवस के अवसर पर सभा का आयोजन



नितिन शर्मा

**बिजनौर(वेलकमइंडिया)।** यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर में कक्षा दसवीं के छात्रों ने बैसाखी, अंबेडकर जयंती , जलियांवाला बाग स्मृति दिवस पर एक विशेष असेंबली प्रस्तुत की ।कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना से हुई, जिसके पश्चात विद्यार्थियों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन एवं उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय के महत्व को बताया। बैसाखी के अवसर पर विद्यार्थियों ने इस पर्व के सांस्कृतिक एवं कृषि महत्व को प्रस्तुत किया, जो फसल कटाई और खुशहाली का प्रतीक है। रंगारंग प्रस्तुति के माध्यम से उत्सव का उत्साह प्रदर्शित किया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को याद किया। इस अवसर पर एक लघु नाट्य प्रस्तुति एवं भाषण भी प्रस्तुत किया गया। प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी और उप प्रधानाचार्य खुशबू कर्णवाल ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की और सभी को इतिहास से प्रेरणा लेने तथा एकता, समानता एवं देशभक्ति के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# निगम स्वच्छता जागरुक अभियान में बच्चों को बना रहा भागीदार

वेलकम इंडिया ब्यूरो




**सहारनपुर।** नगर निगम सहारनपुर एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल अपने स्वच्छता जागरुक अभियान में बच्चों को भी साझीदार बना रहा है और उन्हें इस बात के लिए प्रेरित कर रहा है कि वे घर जाकर अपने माता-पिता को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए घर को साफ सुथरा रखे।

नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देशन में शहर में स्वच्छता के लिए चलाये जा रहे स्वच्छता जागरुकता अभियान के तहत आज नगर निगम द्वारा उमंग सुनहरा कल सेवा समिति के सहयोग से उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनोहरपुर में बच्चों को घरों से निकलने वाले कूड़े के सम्बंध में जागरुक किया गया और उसका सही प्रबंधन न किये जाने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान के प्रति भी बच्चों को जागरुक किया गया। बच्चों को इस बात के लिए प्रेरित किया गया कि वे अपने माता पिता को भी स्वच्छता के प्रति जागरुक करें।

इसके अलावा नगर निगम, उमंग सुनहरा कल सेवा समिति एवं युवा मोहल्ला समिति द्वारा संयुक्त रूप से क्षेत्रीय लोगों के साथ स्वच्छता और साफ सफाई को लेकर जन जागरूकता बैठक की गयी। बैठक में उपस्थित मोहल्ला वासियों को उनके घरों से निकलने वाले गीले-सूखे कूडे.तथा हानिकारक घरेलु कूड़े को अलग-अलग कर सफाई मित्र को देने की अपील की गयी। इसके अलावा होम कंपोस्टिंग, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना कर कपड़े से बने थैले का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया और अपने वार्ड को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिए अपनी-अपनी जिम्मेदारी समझाते हुए सहयोग करने का संकल्प दिलाया गया।

# पीलीभीत मंडी में किसानों की परेशानी बढ़ी, सरकारी रेट के बावजूद कम दाम में बिक रहा गेहूं, अनियमितताओं के आरोप

लुकमान खान



**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** जिले की अनाज मंडी में इन दिनों गेहूं खरीद को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन भानू और मजदूर यूनियन के जिलाध्यक्ष भजनलाल क्रोधी ने मंडी का निरीक्षण करने के बाद व्यवस्थाओं पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि किसानों को सरकारी सुविधाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है और कई जगहों पर उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

भजनलाल क्रोधी के अनुसार सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य 2600 रुपये प्रति कुंतल बताया जा रहा है, लेकिन मंडी में कई किसान इससे कम दाम पर गेहूं बेचने को मजबूर हैं।

उनका आरोप है कि कुछ खरीद केंद्र ठीक से काम नहीं कर रहे, जिससे किसानों को निजी व्यापारियों के पास जाना पड़ रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि कुछ स्थानों पर किसानों से अतिरिक्त रकम मांगे जाने और नमी या अन्य कारणों का हवाला देकर खरीद टालने की शिकायतें मिल रही हैं। ऐसे हालात में किसान जल्दी बिक्री के लिए कम दाम स्वीकार कर रहे हैं। मंडी में काम करने वाले मजदूरों को लेकर भी उन्होंने चिंता जताई और कहा कि तुलाई व उठान से जुड़े मजदूरों को भी उचित सुविधाएं नहीं मिल रही हैं।

इटोरिया गांव के किसान रमेश सिंह ने बताया कि उन्हें अपना गेहूं लगभग 2335 रुपये प्रति कुंतल के भाव पर बेचना पड़ा, जबकि सरकारी दर अधिक है। उनका कहना है कि कई अन्य किसानों को भी इसी तरह कम कीमत पर बिक्री करनी पड़ रही है। भजनलाल क्रोधी ने

# मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण/बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत

हरेंद्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद के जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार एवम् जिला प्रोबेशन अधिकारी के निदेर्शानुसार हापुड़ जिले के ग्राम अच्छेजा के राम स्वरूप जनता उच्च माध्यमिक विद्यालय में आज बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत संचालित बाल विवाह के विरुद्ध 10 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम ऑपरेशन मुक्ति अभियान से बालिकाओं को जागरूक किया गया व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिकाओं को शपथ दिलाई गई जिसमें महिला कल्याण विभाग से हब फॉर इंपॉवरमेंट ऑफ वूमेन टीम द्वारा महिला कल्याण विभाग व शासन द्वारा चलाई जा रही समस्त योजनाओ के बारे में भी जानकारी दी गई ।


महिलाओं को सरकार के द्वारा चलाई जा रही, निराश्रित महिला पेंशन योजना, वृद्धा पेंशन योजना। दिव्यांग पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना,साइबर क्राइम आदि योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वन स्टॉप सेंटर के बारे में व समस्त टोल फ्री नंबर 181 ,112 ,1098, 1090 ,108, 1076 1930के बारे में की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक नेहा त्यागी जी और विद्यालय से प्रधानाचार्य जी प्रशांत चौधरी जी एवं सह अध्यापक अनीता रानी व हब की टीम से गौरव मौजूद रहें।

# लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना निगम का संकल्पः महापौर

## वार्ड 06 वर्धमान कॉलोनी में किया नये पम्प निर्माण कार्य का शुभारंभ

वेलकम इंडिया ब्यूरो






**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज वार्ड 06 वर्धमान कॉलोनी में आज 15 हॉर्स पावर के पम्प लगाने के कार्य का वेद मंत्रोच्चार के बीच नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को स्वच्छता के प्रति भी जागरुक किया। कार्यक्रम का आयोजन पार्षद प्रतिनिधि विनोद कुमार सैनी एवं मोहल्ला समिति द्वारा नगर निगम व आईटीसी मिशन सुनहरा कल फोर्स के सहयोग से आयोजित किया गया था। वर्धमान कॉलोनी पहुंचने पर पार्षद प्रतिनिधि विनोद सैनी व क्षेत्र के लोगों ने महापौर डॉ. अजय कुमार तथा उपसभापति मयंक गर्ग, पार्षद नीरज शर्मा व पूर्व नगराध्यक्ष भाजपा का माल्यार्पण कर स्वागत किया। महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि महानगरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना और पेयजल की निर्बाध आपूर्ति कराना निगम का उद्देश्य और संकल्प है। इसके लिए नगर निगम द्वारा लगातार वार्डो में आवश्यकतानुसार नये पम्प लगवाये जा रहे है। उसी श्रृंखला में वार्ड 6 में भी आज नये पम्प के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया है। महापौर ने कहा कि इस पम्प के शुरू हो जाने से वर्धमान कॉलोनी, अजीज कॉलोनी व अहमद कॉलोनी सहित आधा दर्जन से अधिक कॉलोनियों को शुद्ध पेयजल की निर्बाध आपूर्ति मिलेगी। महापौर ने आईटीसी मिशन सुनहरा कल फोर्स के वालंटियर्स के साथ क्षेत्र के लोगों को स्वच्छता के लिए भी जागरुक किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता न केवल हमें बीमारियों से बचाती है बल्कि हमारा जीवन स्तर भी ऊंचा उठाती है। क्षेत्र के लोगों ने इस पहल के लिए नगर निगम, आईटीसी मिशन सुनहरा कल तथा पार्षद प्रतिनिधि विनोद सैनी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक तथा मोहल्ला समिति के सदस्य भी शामिल रहे।

# हापुड़ में पोषण पखवाड़ा की धूमः रैली, गोदभराई और अन्नप्राशन से गूंजा जनजागरूकता का संदेश'



हरेंद्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद में 8वें पोषण पखवाड़ा-2026 के अंतर्गत आमजन को जागरूक करने हेतु रैली का आयोजन किया गया। साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं 06 माह पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन कार्यक्रम भी संपन्न कराया गया। इस अवसर पर जनपद एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लाभार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों द्वारा इस वर्ष की थीम 'जीवन के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क के विकास को अधिकतम करना' के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित लाभार्थियों को बच्चों के समुचित पोषण, प्रारंभिक देखभाल एवं समग्र विकास के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही 09 अप्रैल 2026 से 23 अप्रैल 2026 तक आयोजित होने वाले पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के प्रभावी संचालन एवं उनकी समयबद्ध फीडिंग पोर्टल पर सुनिश्चित करने के संबंध में समीक्षा की गई। अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी गतिविधियां निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएं तथा उनकी प्रगति नियमित रूप से पोर्टल पर अपलोड की जाए। जनजागरूकता बढ़ाने हेतु आयोजित रैली में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं एवं अन्य प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली के माध्यम से पोषण, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति आमजन को जागरूक किया गया।कार्यक्रम का सफल संचालन संबंधित विभागों के समन्वय से संपन्न हुआ तथा सभी प्रतिभागियों ने पोषण संबंधी संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# पत्रकार राष्ट्र और समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाएं : महामहिम संतोष गंगवार

## उपज के प्रादेशिक अधिवेशन में मथुरा जिलाध्यक्ष अतुल जिंदल किए सम्मानित

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट (उपज) के प्रादेशिक अधिवेशन में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पत्रकारों से राष्ट्र और समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करने का आह्वान किया। वहीं प्रादेशिक अधिवेशन के दौरान उपज में सक्रिय भूमिका निभाने एवं निष्पक्ष पत्रकारिता करने के लिए मथुरा इकाई के जिला अध्यक्ष अतुल कुमार जिंदल को प्रमाण पत्र एवं उपज का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किए गया।

दिल्ली रोड स्थित पर्यटक आवास गृह होटल राही में आयोजित अधिवेशन के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रुहेलखंड के पत्रकारों ने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आज डिजिटल मीडिया के दौर में भी पत्रकारिता की वही मूल भावना प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज को जागरूक करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं और उन्हें जनसरोकारों से जुड़ी पत्रकारिता करनी चाहिए, जिससे समाज उन्हें लंबे समय तक याद रखे। उन्होंने पत्रकारों की समस्याओं पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जब वे श्रम मंत्री थे, तब उन्होंने पत्रकार हित से जुड़े कई कार्य किए थे। विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पत्रकारिता केवल एक पेशा नहीं, बल्कि एक मिशन और साधना है।




उन्होंने कहा कि कलम की शक्ति तलवार से अधिक प्रभावी होती है, क्योंकि वह जनमत को आकार देती है और व्यवस्था को आईना दिखाती है। वरिष्ठ पत्रकार, पूर्व कुलपति एवं नेशनल बुक ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष बलदेव भाई ने कहा कि ऐसे अधिवेशन संवाद, समन्वय और सामूहिक चिंतन का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने वर्तमान परिस्थितियों में राष्ट्र निर्माण में पत्रकारों की भूमिका को और अधिक महत्वपूर्ण बताया। विधान परिषद सदस्य डॉजयपाल सिंह व्यस्त' ने कहा कि लोकतंत्र में पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनकी निष्पक्ष लेखनी समाज की चेतना को दिशा देती है। नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) के राष्ट्रीय महासचिव त्रियुग नारायण तिवारी ने संस्था द्वारा पत्रकारों के हित में किए गए कार्यों की जानकारी दी। उपज के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश कुमार सिंह ने स्वागत भाषण देते हुए मंचासीन अतिथियों का परिचय कराया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। संचालन बाबा संजीव आकांक्षी ने किया, जबकि आभार उपज के जिलाध्यक्ष हरि प्रकाश शर्मा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री आनंद कर्ण, जिला महामंत्री कुमार देव, डॉ. मनोज रस्तोगी, अभिषेक भारद्वाज, वीरभान सिंह, सुशील कुमार शर्मा, अभिव्यक्ति सिन्हा एवं कृति पांचाल विश्वकर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उद्घाटन सत्र के पश्चात आम सभा एवं प्रदेश कार्यकारिणी की बैठकें अलग-अलग सत्रों में आयोजित की गईं, जिनमें पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मथुरा से विपिन अग्रवाल, दिनेश कुमार निमेष, संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# 150 बेड अस्पताल जनता को समर्पित, विधायक डॉ. एम.पी. आर्य का हुआ सम्मान

**लुकमान खान**

**पीलीभीत बीसलपुर(वेलकम इंडिया)।** विधानसभा 130 के पूर्व प्रत्याशी डॉक्टर डीपी गंगवार ने क्षेत्र में 150 बेड के आधुनिक अस्पताल को जनता को समर्पित किए जाने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस महत्वपूर्ण जनहित कार्य के लिए डॉ. एम.पी. आर्य को विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों द्वारा बधाई दी जा रही है। इसी क्रम में बीसलपुर विधानसभा 130 के पूर्व प्रत्याशी डॉ. डीपी गंगवार ने विधायक डॉ. एम.पी. आर्य को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने अस्पताल के लोकार्पण को क्षेत्र की जनता के लिए बड़ी सौगात बताते हुए कहा कि इससे स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। डॉ. डीपी गंगवार ने विधायक को इस जनकल्याणकारी पहल के लिए कोटि-कोटि शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह अस्पताल क्षेत्र के लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा और



मरीजों को अब दूर-दराज के शहरों में इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। वहीं, विधायक डॉ. एम.पी. आर्य ने कहा कि उनका प्रयास हमेशा क्षेत्र की जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने आश्वस्त किया कि स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाने के लिए भविष्य में भी इसी तरह के कार्य किए जाते रहेंगे। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# अमरनाथ गर्ल्स कालेज की छात्राओं ने किया 'मुदरिया चोरी' रासलीला का मंचन

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा।** गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृंदावन (उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद) एवं अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में कॉलेज के मातृ सभागार में तीन माह के प्रशिक्षण उपरांत 'मुदरिया चोरी' रासलीला का अत्यंत भावपूर्ण एवं भव्य मंचन किया गया, जिसने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर 01 जनवरी से 31 मार्च तक चले गीत, संगीत, नृत्य एवं अभिनय के विशेष प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। प्रशिक्षण गीता शोध संस्थान की विशेषज्ञ टीम द्वारा दिया गया, जिसके पश्चात छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन मंच पर प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के ध्यान से हुआ। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल वाजपेयी एवं कोऑर्डिनेटर मीता जी ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं रासलीला के निर्देशक, गीता शोध संस्थान के निदेशक प्रो. दिनेश खन्ना ने अपने संबोधन में कहा कि ब्रज की लुप्त होती मंचीय कलाओं को उनके मूल, पवित्र एवं विशुद्ध स्वरूप में पुनर्स्थापित करना संस्थान का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि आज की युवा पीढ़ी भारतीय संस्कृति, धर्म और आध्यात्मिक मूल्यों की ओर अग्रसर




हो रही है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि महेंद्र प्रताप सिंह, अपर नगर आयुक्त राकेश त्यागी एवं जिला उद्योग आयुक्त रामेंद्र पाल ने छात्राओं को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समाजसेवी कपिल उपाध्याय ने कहा कि ब्रज संस्कृति भारतीय संस्कृति की आत्मा है और इस प्रकार के आयोजन देश के उज्ज्वल भविष्य की झलक प्रस्तुत करते हैं। कार्यक्रम का सफल संयोजन गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी के कोऑर्डिनेटर चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार एवं कॉलेज की प्रवक्ता डॉ. मांडवी राठौर द्वारा किया गया। डॉ. मांडवी राठौर ने रासलीला से पूर्व 'मुदरिया चोरी' लीला एवं राधा-कृष्ण के दिव्य प्रेम का भावपूर्ण वर्णन किया। रासलीला में तनु, विशाखा, वंशिका, महक, पायल, प्रार्थना, मोनिका, भावना, प्रगति, लक्ष्मी, प्रिया, अनुष्का, रागिनी, आकाशी, भूमिका, डोली, प्रियांशी, वर्षा, कोमल, कुमकुम एवं प्रांजल सहित अनेक छात्राओं ने प्रभावशाली अभिनय प्रस्तुत किया। संगीत पक्ष में आकाश शर्मा (हारमोनियम), सुनील एवं केशव पाठक (तबला), तथा दीनानाथ चरणदास (सारंगी) ने रासलीला को मधुर स्वरों से सजाया। नृत्य प्रशिक्षण कु. मानसी राजपूत द्वारा दिया गया, जबकि गायन, अभिनय, मेकअप एवं वेशभूषा का दायित्व श्रीमती रितु सिंह एवं डॉ. सरिता शर्मा ने निभाया। कार्यक्रम के अंत में प्रवक्ता नूतन देहर ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा कलाकारों का परिचय कराया। तीन माह के प्रशिक्षण शिविर की पूर्णता पर सभी प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर अरविंद चतुर्वेदी, महेश पांडे, एस.पी. गोस्वामी, कल्याण वर्मा, मनोज चौधरी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नारी सम्मान और अधिकारों के लिए भाजपा का मजबूत संकल्प : हरीश गंगवार



**गुलजार आलम**

**रामपुर(वेलकम इंडिया)।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय, रामपुर पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम' अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण योजना बैठक आयोजित की गई। बैठक जिला अध्यक्ष श्री हरीश गंगवार जी के नेतृत्व में सम्पन्न हुई, जिसमें आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तय की गई।

बैठक में प्रमुख रूप से निर्णय लिया गया कि 15 अप्रैल 2026 को सभी नगर पालिका स्तर पर महिलाओं की भव्य स्कूटी एवं बाइक रैली निकाली जाएगी, जिसके माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

इसके साथ ही 15 से 18 अप्रैल तक विधानसभा स्तर पर नारी शक्ति सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा तथा विभिन्न क्षेत्रों में पदयात्राएं भी निकाली जाएंगी, जिनके जरिए महिलाओं के अधिकार, सम्मान और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी। अभियान के अंतर्गत विशेष हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कर नारी शक्ति के समर्थन में व्यापक जनसमर्थन तैयार किया जाएगा।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्री हरीश गंगवार जी ने कहा कि 'भारतीय जनता पार्टी ही वह संगठन है, जहां महिलाओं को वास्तविक सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर प्राप्त होते हैं। हमारी सरकार और संगठन दोनों ही महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं और 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' इसी संकल्प का सशक्त उदाहरण है।' बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से आह्वान किया गया कि वे इन कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु पूरी सक्रियता और जिम्मेदारी के साथ सहभागिता सुनिश्चित करें।

# 'तुम बिन पापा सब कुछ है आधा-आधा सा'-'पिता एक फरिश्ता/' काव्य गोष्ठी में उमड़ा भावनाओं का सागर

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**उदयपुर।** नवीन फाउंडेशन द्वारा स्वर्गीय प्रभुदास मोगरी की पुण्य स्मृति में काव्य गोष्ठी 'पिता एक फरिश्ता' (सत्र द्वितीय) का भव्य एवं भावपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम श्रीमती दयावंती मोगरी के स्नेहिल सानिध्य में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। आयोजन की संयोजक अर्चना चावला रहीं, जिन्होंने अपने पिता की स्मृति में इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार आशा पाण्डेय ओझा, रश्मि शर्मा, संजय गुप्ता 'देवेश' एवं रेखा शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन में पिता के जीवन में महत्व को रेखांकित करते हुए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता और प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

काव्य गोष्ठी का मुख्य आकर्षण काव्य पाठ रहा, जिसमें 27 कवि एवं कवित्रियों ने भाग लिया। अमित व्यास, डॉ. प्रियंका भट्ट, सुमन स्वामी, गरिमा खण्डेलवाल, अनीता भाणावत, डॉ. कामिनी व्यास रावल, पल्लवी कुमारी, स्वाति शकुंत, संगीता गुजराती, हरित जोशी, दक्षेश पानेरी, डॉ. शीतल श्रीमाली, डॉ. नीलम रमेजा, डॉ. निर्मला, डॉ. मनीष सक्सेना, मीनाक्षी पंवार, दीपा पंत, दीपिका स्वर्णकार,



शाद उदयपुरी, श्याम मठपाल सहित अनेक रचनाकारों ने पिता पर आधारित अपनी भावपूर्ण रचनाएं प्रस्तुत कीं।

कवियों की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को भाव-वि'ल कर दिया। किसी ने पिता के मौन त्याग को शब्द दिए, तो किसी ने उनके संघर्ष, स्नेह और संरक्षण को कविता में जीवंत किया। हर रचना में पिता के प्रति गहरी श्रद्धा, प्रेम और कृतज्ञता झलकती रही। सभी रचनाकारों ने अपने-अपने पिता की स्मृतियों को साझा करते हुए स्वर्गीय प्रभुदास मोगरी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

लगभग तीन घंटे तक चले इस कार्यक्रम में यह संदेश स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आया कि परिवार में जहां मां का स्नेह अमूल्य है, वहीं पिता का त्याग, अनुशासन और संरक्षण भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को ऊपरना ओढ़ाकर स्मृति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समापन अत्यंत आत्मीय एवं भावनात्मक वातावरण में हुआ, जिसने उपस्थित सभी जनों के हृदय में पिता के प्रति गहरी संवेदनाएं और सम्मान जागृत कर दिया।

यह काव्य गोष्ठी केवल एक साहित्यिक आयोजन न होकर, भावनाओं, स्मृतियों और रिश्तों की गहराई को समझने का एक सशक्त माध्यम बनकर उभरी। नवीन फाउंडेशन का यह प्रयास समाज में पारिवारिक मूल्यों और संवेदनाओं को जीवित रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सराहा जा रहा है।

कार्यक्रम की सफलता ने यह भी संकेत दिया कि भविष्य में ऐसे और अधिक साहित्यिक आयोजनों की अपेक्षा की जा रही है, जहां रिश्तों की संवेदनाओं को शब्दों के माध्यम से अभिव्यक्त किया जा सके।

# थाना गंज क्षेत्रान्तर्गत मृतका लता व उसके बच्चे की हत्या कर घटना को सडक दुर्घटना का स्वरूप देने के अभियोग ने प्रकाश में आया 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**गुलजार आलम**

**रामपुर(वेलकम इंडिया)।** घटना का संक्षिप्त विवरण- 25.2.2026 की में थानागंज क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात डम्पर चालक द्वारा तेजी व लापरवाही से चलाकर कार में टक्कर मार देना जिससे कार क्षतिग्रस्त होकर आग लग जाना, कार सवार एक महिला (आरक्षी) व बच्चे की मृत्यु ही जाने के संबंध में थाना गज पर मु0अ0सं0-35/2026, धारा-281/324(4)/106(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

## घटना में वाछित अभियुक्तः-...

पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद रामपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद रामपुर के कुशल निर्देशन में मु0अ0स0-35/2026, घारा-



251/324(4)106(1) बीएनएस में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 25000 रुपए पुरूष्कार घोषित अभियुक्त प्रदीप यादव पुत्र तोताराम निवासी पनवडिया भमरौआ रोड हाकी स्टेडियम के सामने न्यू शिव बिहार कॉलोनी थाना सिविल लाइन जनपद रामपुर उम्र 29 वर्ष को थाना गंज पुलिस द्वारा बरेली गेट से पनवडिया जाने वाली रोड पर इसाईयों के कब्रस्तान के सामने से समय करीब 11.17 बजे गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त के कब्जे से हत्या कारित करने के बदले में लिए गये 1 लाख रुपए में से 10500 रुपए व घटना में पैट्रोल ले जाने हेतु जरीकैन व कार में आग लगाने के लिए प्रयुक्त किया गया लाइटर बरामद किया गया।

अभियुक्त प्रदीप यादव उपरोक्त ने पूछताछ में बताया कि मै दान सिंह का जाति का हूँ, हम दोनो अच्छे दोस्त है, दान सिंह ने मुझे बताया था कि वह अपनी पत्नी लता से परेशान है, तथा लता व अपने बच्चे को मारकर वह पुलिस विभाग से मिलने वाला करोडो रुपए का बीमा लेना है, तथा लता व उसके बच्चे के मरने के बाद उसकी शादी का भी रास्ता साफ हो जायेगा, दान सिंह ने मुझे 2 लाख रुपए देने की बात कही थी, तथा घटना से पहले मुझे 1 लाख रुपए दे दिये थे, तथा यह भी कहा था कि लता व आवन्श की हत्या की घटना एक्सीडेन्ट साबित हो जायेगी, तो पुलिस विभाग से जो पैसा मिलेगा, उससे मेरी और मदद कर देगा, इस घटना में मै तथा दान सिंह, नूर हसन, सलमान, रवि शामिल हुए थे, हम लोगो ने साजिश के तहत लता व आवान्श की हत्या की थी, मै तथा सलमान कैन में पैट्रोल लेकर गये थे, मैने कार के ऊपर पैट्रोल डाला था, तथा लाइटर से आग लगायी थी।

## गिरफ्तार अभियुक्तः-

प्रदीप यादव पुत्र तोताराम निवासी पनवडिया भमरौआ रोड हाकी स्टेडियम के सामने न्यू शिव बिहार कॉलोनी थाना सिविल लाइन जनपद रामपुर उम्र 29 वर्ष।

# छीनेती गैंग का पदार्फाश: थाना एकता पुलिस का ताबड़तोड़ एक्शन, 2 शातिर गिरफ्तार, मोबाइल-नकदी बरामद

**मयूर खान**

**आगरा(वेलकम इंडिया)।** आगरा में थाना एकता पुलिस ने शहर में दहशत फैलाने वाले छीनेती गैंग का पदार्फाश करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, छीना गया मोबाइल फोन और 2,550 नकद बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार 9 अप्रैल 2026 को एक महिला ने थाना एकता में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह शहीद नगर क्षेत्र से ऑटो द्वारा घर जा रही थी, तभी बाइक सवार दो युवकों ने उसका पीछा किया और नौफरी एंटीपीसी के पास ऑटो रुकवाकर उसके हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।



घटना के खुलासे के लिए गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर 12 अप्रैल को तोरा चौकी के पास से दोनों अभियुक्तों जयवीर और जोगेन्द्र को दबोच लिया। पूछताछ में दोनों ने कबूल किया कि वे छीनेती के इरादे से घूम रहे थे और जूस की दुकान पर महिला को देखकर उसे निशाना बनाया। मौका मिलते ही उन्होंने ऑटो रुकवाकर वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए। इतना ही नहीं, उन्होंने मोबाइल के जरिए यूपीआई से कुछ पैसे भी निकाल लिए। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में अपराधियों में हड़कंप मच गया है। थाना एकता पुलिस का कहना है कि अपराध पर लगाम कसने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# अंबेडकर जयंती पर आगरा में 15-17 अप्रैल तक रूट डायवर्जन, कई मार्गों पर यातायात प्रतिबंध

**मयूर खान**

**(वेलकम इंडिया)।** आगरा में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर शहर में आयोजित 'भीमनगरी महोत्सव' को लेकर 15 से 17 अप्रैल तक यातायात व्यवस्था में बड़े बदलाव किए गए हैं। राजकीय इंटर कॉलेज ग्राउंड में होने वाले इस आयोजन के चलते प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

## इन रास्तों पर रहेगा प्रतिबंध

पचकुंड्या चौराहा से लेकर एसीपी लोहामंडी गोल चक्कर (कोठी मीना बाजार) तक सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। इस रूट पर कार, ऑटो, ई-रिक्शा और बाइक पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगी।

## ये रहेंगे वैकल्पिक मार्ग

बोदला/मारूति स्टेट से पचकुंड्या जाने वाले वाहन जगदीशपुरा और लोहामंडी होकर जा सकेंगे। एमजी रोड से बोदला/लोहामंडी जाने वाले वाहन सेंट जॉन्स चौराहा और हरीपर्वत होते हुए मदिया कटरा मार्ग से निकलेंगे। पचकुंड्या से भोगीपुरा, रूई की मंडी, मारूति स्टेट जाने वाले वाहन तहसील चौराहा या सोरों कटरा-शाहगंज होकर जा सकेंगे।

## बाहरी (आउटर) डायवर्जन प्लान



जयपुर/भरतपुर/फतेहपुर सीकरी से आने वाले वाहन वायु विहारझ अमरपुराझअवधपुरी होते हुए बोदला-बिचपुरी मार्ग से सिकंदरा निकलेंगे। एमजी रोड से इन दिशाओं में जाने वाले वाहन भगवान टॉकीज से सिकंदरा होकर डायवर्ट किए जाएंगे। सिकंदरा से आगे जाने वाले वाहन दक्षिणी बाईपास और रेपुरा जाट मार्ग का इस्तेमाल करेंगे।

## पार्किंग व्यवस्था

वीवीआईपी/वीआईपी वाहन उक्कदर पार्किंग में खड़े किए जाएंगे। आम वाहनों के लिए इरअ भवन, पुलिस चिकित्सालय, ईदगाह रेलवे स्टेशन और जरूरत पड़ने पर पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। बोदला और मारूति स्टेट की ओर से आने वाले वाहन कोठी मीना बाजार और जूता प्रदर्शनी भवन में पार्क होंगे।

## ग्वालियर रोड (नगला पदमा) पर भी डायवर्जन

14 से 16 अप्रैल तक नगला पदमा क्षेत्र में भी अंबेडकर महोत्सव के चलते भारी वाहनों पर विशेष प्रतिबंध रहेगा। रोहता चौराहा और नैनाना जाट तिराहा से नगला पदमा की ओर भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह बंद रहेगा (14 अप्रैल सुबह 5 बजे से 16 अप्रैल रात तक)।

## वैकल्पिक मार्ग (भारी वाहन)

ग्वालियर/धौलपुर से फिरोजाबाद-अलीगढ़ जाने वाले वाहन देवरी पुलिया, तोरा चौकी या इनर रिंग रोड से गुजरेंगे। मथुरा जाने वाले वाहन दक्षिणी बाईपास से डायवर्ट रहेंगे। क्लब चौराहा और कुबेरपुर से आने-जाने वाले भारी वाहनों के लिए भी वैकल्पिक रूट तय किए गए हैं। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि तय डायवर्जन प्लान का पालन करें और अनावश्यक रूप से प्रतिबंधित मार्गों पर न जाएं, ताकि भीमनगरी महोत्सव के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

# नाव हादसे पर जताया दुख, घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा।** वृंदावन में नाव हादसे में मारे गए मृतकों के असामयिक निधन पर युवा समाजसेवी सुजीत वर्मा ने शोक व्यक्त कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी है वहीं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है।

वर्मा ने कहा कि नाव हादसे में कई लोगों की मौत की खबर बेहद दुखद है,प्रभु बांकेबिहारी जी से प्रार्थना है कि वह मृतकों को निज चरणों में स्थान दें।

वर्मा ने कहा कि यह दर्दनाक हादसा यमुना में नौकायन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर गया



है। आगे से ऐसा कोई दर्दनाक हादसा ना हो प्रशासन इसके लिए ठोस इंतजाम करे जिससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# डीएम की अध्यक्षता में जनपद में समस्त बोर्ड के माध्यमिक विद्यालयों के सुचारू संचालन के दृष्टिगत प्रधानाचार्यो/प्रबंधकों के साथ बैठक हुई आयोजित

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में जनपद के विद्यालयों के सुचारू संचालन के दृष्टिगत समस्त बोर्ड के माध्यमिक विद्यालयों के प्रबन्धक / प्रधानाचार्यों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) जयप्रकाश उपस्थित रहे।

बैठक में उपस्थित सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा स्कूली वाहन से सम्बन्धित जानकारी प्रदान किया गया तथा समस्त प्रधानाचार्यों से अनुरोध किया गया कि अपने-अपने विद्यालयों को स्कूली वाहन निगरानी पोर्टल upisvmp.com पर विद्यालय को ऑन बोर्ड किये जाने हेतु अन्तिम तिथि 15.04.2026 तक अनिवार्य रूप से करा दिया जाए तथा वाहन सम्बन्धी डाटा अपलोड करा दिया जाए। यदि किसी विद्यालय के पास स्कूल वाहन उपलब्ध नही है वह भी निगरानी पोर्टल पर विद्यालय को आनबोर्ड करते हुए स्कूली वाहन उपलब्ध न होने का शपथ-पत्र अपलोड करते हेतु निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण कराये।

तत्पश्चात जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा विद्यालयों में उत्तर प्रदेश स्व वित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन), अधिनियम 2018 के अन्तर्गत निर्धारित व्यवस्था के अनुसार ही शुल्क एवं अन्य कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए शत-प्रतिशत छात्र-छात्राओं का नामांकन कराया जाय।

माध्यमिक शिक्षा परिषद् उ0प्र0 प्रयागराज द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थाओं में बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रकाशको द्वारा प्रकाशित एन0सी0ई0आर0टी0 पाठ्य पुस्तकों से पठन-पाठन कराये जाने का निर्देश प्रदान किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा बैठक में एजेण्डा बिन्दुओं की बिन्दुवार समस्त प्रबन्धक / प्रधानाचार्य को निर्देशित किया गया परिवहन विभाग द्वारा विकसित स्कूली वाहन पोर्टल पर डाटा निर्धारित तिथि तक अपलोड कराये। उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन), अधिनियम 2018 के अन्तर्गत निर्धारित व्यवस्था के अनुसार ही शुल्क एवं अन्य कार्यवाही सुनिश्चित करें। स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए शत-प्रतिशत छात्र-छात्राओं का नामांकन कराया जाय कोई भी छात्र-छात्रा ड्रापआउट न होने पाये। कतिपय प्रधानाचार्यों द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित एन॰सी॰ई॰आर॰टी॰ पाठ्य पुस्तकों की उपलब्धता का स्थानीय दुकानों पर अभाव है जिसके क्रम में जिलाधिकारी द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि बोर्ड से पत्राचार कर बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित एन॰सी॰ई॰आर॰टी॰ पाठ्य पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाए। साथ ही जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित प्रबन्धक / प्रधानाचार्यों से अपील किया गया कि अपने आस-पास बिना मान्यता प्राप्त किये संचालित विद्यालयों के सम्बन्ध में सूचना मुझे प्राप्त करायी जाए सूचना प्राप्त कराने वालो का नाम गोपनीय रखा जायेगा। तथा बिना मान्यता संचालित विद्यालयों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करते हुए विद्यालयों को पूर्ण रूप से बन्द कराये जाने का आश्वासन प्रदान किया गया।

बैठक में उपस्थित अपर जिलाधिकारी द्वारा समस्त प्रधानाचार्यों से स्कूली वाहन से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त की गयी तथा निर्देशित किया गया कि समस्त प्रधानाचार्य अपने-अपने विद्यालयों को स्कूली वाहन निगरानी पोर्टल upisvmp.com पर निर्धारित तिथि तक अनिवार्य से कार्यवाही पूर्ण कराये।

इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रियंवदा सिंह, सहित जनपद में संचालित समस्त शिक्षा बोर्ड के माध्यमिक विद्यालयों के प्रबन्धक / प्रधानाचार्य आदि उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ नागरिक काव्य मंच का वार्षिकोत्सव समारोह संपन्न



**डॉ. शंभु पंवार**

**नई दिल्ली(वेलकम इंडिया)।** हिन्दी साहित्य को समर्पित संस्था ₹वरिष्ठ नागरिक काव्य मंच₹ का वार्षिकोत्सव समारोह का भव्य आयोजन रेडरोज पब्लिक स्कूल, पालम विहार, गुरुग्राम में किया गया।समारोह में देश-विदेश से पधारे साहित्यकारों ने एक से बढ़कर एक रचनाओं की शानदार प्रस्तुति से समारोह को नई ऊंचाइयाँ प्रदान कीं।

मंच के संस्थापक डॉ. नरेश ₹नाज₹ व मकाम ट्रस्ट की अध्यक्ष नियति गुप्ता के सानिध्य में हुवे समारोह की मुख्य अतिथि मकाम की वैश्विक अध्यक्ष डॉ नीतू सिंह राय रही, अध्यक्षता मंच के वैश्विक अध्यक्ष राजेन्द्र निगम राज ने की। मॉस्को से पधारीं मकाम, रूस की अध्यक्ष श्वेता सिंह उमा तथा राष्ट्रीय कवि संगम के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक बत्रा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

समारोह का आयोजन वनकाम की राष्ट्रीय संरक्षक वीणा अग्रवाल और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इन्दु ₹राज₹ निगम द्वारा किया गया। वनकाम की हरियाणा प्रदेश की चारों इकाइयों के अध्यक्षों विनय कुमार,शुभ तनेजा, हेमा चौहान तथा त्रिलोक चंद फतेहपुरी ने समारोह का संयोजन किया।

कार्यक्रम में मदन साहनी (महासचिव, सुरुचि संस्था), कमल चन्द्रा (अध्यक्ष, मध्य प्रदेश), अनिता झा (अध्यक्ष, छत्तीसगढ़), उमंग सरीन ,प्रिया वरुण कुमार, दिल्ली, शकुंतला मित्तल (उपाध्यक्ष, हरियाणा), आभा कुलश्रेष्ठ (महासचिव, हरियाणा), लोकेश चौधरी (अध्यक्ष, प्रहरी मंच), डॉ प्रवीण शर्मा, कुलदीप कौर,किशोर सिन्हा (बिहार), रश्मि रानी कौशल,सीमा माहेश्वरी , आशा सिन्हा कपूर (मध्य प्रदेश), अंजू क्वात्रा,अपराजिता शर्मा, (छत्तीसगढ़), मुकेश दत्त ,नवीन राणा,(शिलांग), आनंद गौतम ,दीपा शर्मा उजाला, सुजीत कुमार,अशोक सरीन ,बी पी बंसल, वरुण कुमार, जैसे प्रतिष्ठित साहित्यकारों की गरिमामयी उपस्थिति रही।बाल कवि के रूप में दिल्ली से 6 वर्षीय हर्षित कर्ण ने भी अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। समारोह का संचालन राजेन्द्र निगम ₹राज₹ तथा इन्दु ₹राज₹ निगम ने किया। समारोह का शुभारंभ वरिष्ठ साहित्यकार वीणा अग्रवाल की मधुर माँ सरस्वती की वंदना से हुआ। तत्पश्चात्अतिथियों तथा उपस्थित साहित्यकारो को अंगवस्त्र, प्रतीक चिह्न एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर के सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंच की राष्ट्रीय संरक्षक ने वर्ष 2025 में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय मोहन सिंह को ₹संस्थापक अवार्ड₹ तथा मंच की चंडीगढ़-1 इकाई तथा पश्चिम बंगाल इकाई को ₹सर्वश्रेष्ठ इकाई- 2025' अवॉर्ड प्रदान करने की घोषणाकी गई।समारोह के अन्त में कार्यक्रम अध्यक्ष राजेन्द्र निगम 'राज' ने देश विदेश के सभी साहित्यकारों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**मोहसिन रहमानी**

**कांधला( वेलकम इंडिया)।** पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के आदेशानुसार जनपद में अवैध शराब के कारोबार में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना हेमन्त कुमार के पर्यवेक्षण में कांधला पुलिस को यह सफलता मिली।पुलिस ने आरोपी सोनू पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम इब्राहिमपुर माजरा थाना रमाला जनपद बागपत को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान उसके पास से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई।गिरफ्तारी और बरामदगी के संबंध में थाना कांधला पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कर पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। इस कार्रवाई को उपनिरीक्षक विक्रम सिंह, कांस्टेबल प्रवेन्द्र सिंह एवं कांस्टेबल पुष्पेन्द्र कुमार की टीम ने अंजाम दिया।

## चेकिंग अभियान में अवैध छुरा समेत एक आरोपी गिरफ्तार

**मोहसिन रहमानी**

**कांधला( वेलकम इंडिया)।** पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक आरोपी को अवैध छुरा सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है।पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी हेमंत कुमार के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ सघन चेकिंग चल रहे थे।इसी दौरान पुलिस ने सादिक उर्फ सादा पुत्र तैय्यब निवासी सलेमपुर रोड, ईदगाह नई बस्ती, थाना कांधला जनपद शामली को गिरफ्तार कर लिया।तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक अवैध छुरा बरामद हुआ। इस संबंध में अभियोग पंजीकृत कर पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। दुसरी और पुलिस ने चाकू लेकर घूम रहे प्रवेज पुत्र नसीम को गिरफ्तार कर चालान किया है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल रविंद्र कुमार और कांस्टेबल सुशील बुटार शामिल रहे।

## बंदर और आवारा कुत्तों के हमले से चार लोग घायल

**मोहसिन रहमानी**

**कांधला( वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम और गांव नाला में बंदर व आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। अलग-अलग स्थानों पर हुए हमलों में चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों ने एलम स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पहुंचकर एंटी रेबीज के इंजेक्शन लगवाए।सोमवार को कस्बा एलम निवासी ऋतिक और मुनेश पर अचानक आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं गांव नाला निवासी विनय भी कुत्ते के हमले का शिकार हो गया। दूसरी ओर, एलम निवासी परम पर बंदर ने हमला कर उसे घायल कर दिया।परिजनों ने घायलों को तत्काल पीएचसी ले जाया गया, जहां उनका उपचार किया गया।क्षेत्र में लगातार हो रहे इन हमलों से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। हालात यह हैं कि बच्चों और बुजुर्गों का घर से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया है। गली-मोहल्लों में आवारा कुत्तों और बंदरों ने डेरा डाल रखा है, जिससे आए दिन इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं।

## ट्रेन की चपेट में आकर राहगीर घायल,गंभीर अवस्था में रेफर

**मोहसिन रहमानी**

**कांधला( वेलकम इंडिया)।** कस्बे के रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आकर एक व्यक्ति घायल हो गया सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। सोमवार को झिंझाना थाना क्षेत्र के गांव पुरमाफी निवासी प्रवीण पुत्र दलसिंह दिल्ली जा रही ट्रेन में सवार होकर किसी कार्य से दिल्ली जा रहा था।जैसे ही ट्रेन कस्बे के रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो उक्त व्यक्ति ट्रेन से उतरकर दिशा शौच के लिए जा रहा था तभी अचानक से उसका पैर फिसल गया और ट्रेन चल पड़ी। ट्रेन की चपेट में आकर वह घायल हो गया घायल की चीख पुकार सुन स्टेशन पर मौजूद लोगों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायल को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने घायल से परिजनों की जानकारी कर सूचना दी और उसका प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।


## हलवाई के साथ मारपीट पुलिस ने दो भाइयों को गिरफ्तार कर किया चालान

**मोहसिन रहमानी**

**कांधला( वेलकम इंडिया)।** कस्बे के मोहल्ला रायजदगान निवासी हलवाई के साथ एक व्यक्ति व उसके दो पुत्रों ने मारपीट कर घायल कर दिया पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया। बाकी आरोपी की पुलिस तलाश में जुटी हुई है। नगर के मोहल्ला रायजादगान निवासी अनिल पुत्र शेर सिंह ने बताया कि उसने कस्बे के दिल्ली बस अड्डे पर हलवाई की दुकान कर रखी है पीड़ित का भाई दीपक अपनी दुकान बंद कर शनिवार की देर शाम अपने घर आ रहा था। जैसे ही वह मोहल्ले में मंदिर के निकट पहुंचा तो मोहल्ले के ही राजा वह उसके पुत्र सन्नी और बंटी ने उसके भाई को रोकर उसके साथ गाली गलौज की और लाठी डंडों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित परिजनों ने घायल को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। पीड़ित ने अपना डाक्टरी परीक्षण करने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। सोमवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले सन्नी और बंटी को गिरफ्तार करते हुए उनका चालान कर दिया पुलिस बाकी आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

# शराब दुकानों पर ओवररेटिंग का खेल,वायरल वीडियो से खुली पोल

**मोहसिन रहमानी**



**कांधला(वेलकम इंडिया)।** क्षेत्र में इन दिनों शराब प्रेमियों की जेब पर खुलेआम डाका' डाला जा रहा है। शराब दुकानों पर तैनात सेल्समैन ही ग्राहकों से बोतलों पर अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक कीमत वसूल रहे हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिन्होंने आबकारी विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

वायरल हो रहे वीडियो में एक ग्राहक सेल्समैन से बोतल पर लिखे दाम से 10 रुपये अतिरिक्त लेने का कारण पूछता नजर आ रहा है। इस पर सेल्समैन बेखौफ अंदाज में ओवररेटिंग की बात स्वीकार करता दिखाई देता है।

वहीं, दूसरे वीडियो में एक अन्य सेल्समैन ग्राहक के साथ अभद्र व्यवहार करता दिख रहा है। ये दोनों सोशल मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार वीडियो थाना क्षेत्र के कस्बा एलम स्थित अंग्रेजी शराब की दुकानों के बताए जा रहे हैं।हैरानी की बात यह है कि वीडियो वायरल होने और क्षेत्र में चर्चा तेज होने के बावजूद आबकारी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। विभागीय स्तर पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

क्षेत्र में चर्चा है कि कथित तौर पर ऊपर तक पहुंच के चलते ही इन दुकानों पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है। इसके साथ एक कस्बा सहित क्षेत्र के अन्य शराब की दुकानों पर भी ठेकेदार और सेल्समेन जमकर ग्राहकों से ओवर रेट वसूल रहे हैं। जिला आबकारी अधिकारी अजय कुमार ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। अब देखना होगा कि प्रशासन इन अनियमितताओं पर सख्त कदम उठाता है या फिर यह खेल यूं ही जारी रहता है।

# महिलाओं को सर्वोच्च स्तर पर निर्णय सक्षम बनाएगा नारी शक्ति वंदन अधिनियम - डॉ रश्मि सिंह

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**दिल्ली।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की महिलाओं को सर्वोच्च स्तर पर निर्णय सक्षम बनाएगा। शिक्षा, आर्थिक आत्मनिर्भरता और प्रशिक्षण से महिलाओं को अपना स्थान बनाने में सहायता मिलेगी। दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग में सचिव डॉ रश्मि सिंह ने हिन्दू कालेज में महिला विकास प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित 'संवाद' में कहा कि देश भर में पंचायती राज और स्थानीय निकायों में एक निश्चित प्रतिशत महिलाओं का सुरक्षित है जिससे हर वर्ग की महिलाएं लाभान्वित हुई हैं।

आयोजन में राष्ट्रिय सेवा योजना तथा एन सी सी की भी भागीदारी रही। डॉ. रश्मि सिंह ने अपने उद्बोधन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के महत्व, उसके सामाजिक प्रभाव तथा महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ सिंह ने बताया कि यह अधिनियम महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे समाज में समानता तथा न्याय की भावना को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही उन्होंने छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और समाज में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने विचार एवं जिज्ञासाएं प्रस्तुत कीं। एक विद्यार्थी के प्रश्न के जवाब में श्रीमती सिंह ने कहा कि पंचायती राज के अनुभवों से हमने बहुत सीखा है और अब शिक्षा, प्रशिक्षण एवं संवेदनशीलता से ही हम सफलता प्राप्त कर सकेंगे जिसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसे संवैधानिक उपाय हमारा मार्ग प्रशस्त करेंगे।

आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ पल्लव कुमार नन्दवाना, एन सी सी अधिकारी डॉ सोमशंकर गोडाके एवं डॉ मनोज चहल ने अपनी अपनी विंग के कैडेट्स व स्वयंसेवकों सहित भागीदारी की। संवाद में प्रो रचना सिंह, प्रो बिमलेंदु तीर्थंकर, डॉ अनन्या बरुआ, डॉ एकता गुप्ता, डॉ प्रज्ञा त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के संकाय सदस्य उपस्थित थे।

इससे पहले महाविद्यालय में पहुंचने पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो अंजू श्रीवास्तव, उप प्राचार्य प्रो रीना जैन, प्रशासनिक अधिकारी राजेश शर्मा, दीपाक्षी जैन सहित विद्यार्थियों ने डॉ रश्मि सिंह का स्वागत किया। प्रो श्रीवास्तव ने महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं अन्य संस्थाओं द्वारा महिला एवं बाल विकास के लिए आयोजित गतिविधियों के बारे में भी बताया।

कार्यक्रम के अंत में महिला विकास प्रकोष्ठ की परामर्शदाता डॉ नीलम सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। आयोजन में युवा वर्ग की उपस्थिति अत्यंत उत्साहप्रद एवं प्रेरक रही।

# पत्रकारिता का मूल तत्व सत्य की खोज, सत्यापन का अनुशासन, और निष्पक्षता है- संजय द्विवेदी

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन खलीलाबाद के तत्वाधान में आयोजित हुई विचार गोष्ठी/ कार्यशाला



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** ग्रामीण पत्रकारिता एक चुनौती भरा कार्य है। निष्पक्ष तरीके से पत्रकारिता का कार्य करें। क्योंकि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ होता है।

उक्त बातें सोमवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री डॉ. संजय द्विवेदी ने तहसील खलीलाबाद के तत्वाधान में सेमरियावा ब्लाक सभागार में आयोजित एक दिवसीय विचार गोष्ठी/ कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहीं।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण पत्रकारिता गांवों के विकास, समस्याओं, संस्कृति और आम जनजीवन से जुड़ी खबरों को उजागर करने वाली पत्रकारिता है। इसमें कृषि, पंचायत, सरकारी योजनाओं, और स्थानीय समस्याओं पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। यह पत्रकारिता ग्रामीण क्षेत्र की आवाज बनकर शहर और गांव के बीच सेतु का कार्य करती है।

उन्होंने कहा कि आप एक पत्रकार हैं पक्षकार नहीं। जब आप एक पत्रकार के रूप में काम करते हैं तो आप पर कोई उंगली नहीं उठा सकता लेकिन जब आप एक पक्षकार बन जाते हैं तो उंगलियां उठने लगती हैं। इसलिए निष्पक्ष पत्रकारिता करें संगठन आपके साथ है।

उन्होंने कहा कि पत्रकारिता का मूल तत्व सत्य की खोज, सत्यापन का अनुशासन, और निष्पक्षता है, जिसका प्राथमिक उद्देश्य नागरिकों को विश्वसनीय जानकारी प्रदान करना है। यह तथ्यों पर आधारित होती है, जनता के प्रति जवाबदेह होती है, और बिना किसी बाहरी दबाव के स्वतंत्र रूप से काम करती है।

### कार्यशाला के दौरान टीचर्स कॉलोनी खलीलाबाद निवासी

संगठन के साथी कृष्ण गोपाल त्रिपाठी के पुत्र दीपक त्रिपाठी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर मृतात्मा की शांति की कामना की गयी।

कार्यशाला की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष अतीक अहमद और संचालन जिला मंत्री मुहम्मद अदनान ने किये।

इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष महेन्द्र श्रीवास्तव, मंडल प्रवक्ता/ मीडिया प्रभारी मुहम्मद परवेज अख्तर, जिला मंत्री मोहम्मद अदनान, तहसील संरक्षक जफीर करखी, तहसील अध्यक्ष अतीक अहमद, जिला कोषाध्यक्ष सत्यप्रकाश वर्मा, शिवानंद चंचल, मसरूर अहमद, खुर्शीद आलम, उबैदुर्रहमान, नूर आलम सिद्दीकी, तरीकत हुसैन सिद्दीकी, खुर्शीद आलम, मोहम्मद अहमद, मुकेश कुमार श्रीवास्तव, अतहरूल बारी आदि मौजूद रहे।

# भव्य विदाई समारोह में भावुक पलों के बीच छात्रों को दी गई उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**वाराणसी।** डॉ. घनश्याम सिंह महाविद्यालय, सोयपुर में वरिष्ठ छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन बी.एस.सी. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ विद्यार्थियों के तिलक के साथ हुआ। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्रशासक संजीव सिंह एवं वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा दीप प्रज्वलन कर समारोह का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशासक संजीव सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विदाई एक नई शुरूआत का प्रतीक है और शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जन नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्माण भी है।

डॉ. आनंद सिंह ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए विज्ञान के सकारात्मक उपयोग पर बल दिया। मनोविज्ञान विभाग के डॉ. डी.वी. सिंह ने भी विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संदेश दिया। समारोह के दौरान आशुतोष, शशांक एवं शेखर द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने सभी का मन मोह लिया।

इसके अतिरिक्त नृत्य, गीत, मिमिक्री एवं म्यूजिकल चेयर जैसे कार्यक्रमों ने वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्राध्यापकगण उपस्थित रहे, जिनमें डॉ. रचना पांडे, डॉ. देवेंद्र पांडे, डॉ. विनीत सिंह, डॉ. पूनम सिंह, डॉ. अनुपमा सिंह, डॉ. अलका मणि, श्री ईश्वर चंद्र मौर्य, डॉ. अलका उपाध्याय, सुश्री श्यामली, डॉ. दिव्या मालवी, श्री आशीष मौर्य, श्री अभिषेक पांडे, डॉ. रघुवीर प्रजापति एवं डॉ. विपुल शुक्ला प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

समारोह के अंत में 'मिस्टर फेयरवेल' के रूप में प्रभात दुबे एवं 'मिस फेयरवेल' के रूप में आँचल यादव का चयन किया गया।

यह सम्मान रसायन विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति सिंह द्वारा प्रदान किया गया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। समारोह विद्यार्थियों के लिए भावनात्मक एवं स्मरणीय रहा।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर अब 'डिजिटल पहरा', बिना फेस ऑथेंटिकेशन और OTP के नहीं मिलेगा पोषाहार

वेलकम इंडिया संवाददाता




**जहांगीराबाद।** सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता लाने और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की दिशा में सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। नए वित्तीय वर्ष से आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषाहार वितरण की पूरी प्रक्रिया को डिजिटल कर दिया गया है। अब किसी भी लाभार्थी को राशन प्राप्त करने के लिए 'चेहरे के सत्यापन' (Face Authentication) और 'ओटीपी' की प्रक्रिया से गुजरना अनिवार्य होगा। इस नई व्यवस्था को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए विभाग सभी आंगनबाड़ी कार्यकताओं को स्मार्टफोन उपलब्ध करा रहा है। इन फोन में विशेष रूप से डिजाइन किया गया ऐप पहले से इंस्टॉल होगा। कार्यकताओं द्वारा लाभार्थियों का नाम, मोबाइल नंबर और अन्य विवरण डिजिटल रूप से दर्ज किया जाएगा। ऐप के माध्यम से विभाग के उच्च अधिकारी वितरण की लाइव ट्रैकिंग कर सकेंगे। अब तक पोषाहार का वितरण स्वयं सहायता समूहों के जरिए किया जाता था। इस पुरानी व्यवस्था में कई खामियां थीं जैसे अक्सर लाभार्थियों की अनुपस्थिति में भी वितरण दिखा दिया जाता था। कागजों पर राशन बंट जाता था, लेकिन वास्तविक हकदार खाली हाथ रह जाते थे।

> इस डिजिटल पहल का मुख्य उद्देश्य बिचौलियों को खत्म करना और यह सुनिश्चित करना है कि सरकार द्वारा भेजा गया पोषाहार सीधे गर्भवती महिलाओं और बच्चों तक पहुंचे।
>
> विभागीय अधिकारी

वितरण का कोई सटीक डिजिटल रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं था। लाभार्थियों को अब केंद्र पर जाते समय अपना पंजीकृत मोबाइल साथ रखना होगा। वितरण के समय सबसे पहले लाभार्थी के चेहरे का मिलान ऐप के जरिए किया जाएगा। इसके बाद उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आएगा। सत्यापन सफल होने के बाद ही पोषाहार सुपुर्द किया जाएगा। व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकताओं को घर-घर जाकर लाभार्थियों का सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं।

इससे न केवल डेटा अपडेट होगा, बल्कि उन लोगों की पहचान भी आसान हो जाएगी जो वास्तव में योजना के पात्र हैं। डिजिटल इंडिया के इस दौर में आंगनबाड़ी केंद्रों का हाई-टेक होना एक स्वागत योग्य कदम है। इससे न केवल सरकारी संसाधनों की बबार्दी रुकेगी, बल्कि कुपोषण के खिलाफ चल रही जंग में भी अधिक सटीकता आएगी।

# जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ की बैठक दिए आवश्यक दिशा निर्देश





वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** जिलाधिकारी श्रुति ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में सी०एम० डैशबोर्ड (दर्पण) पर राजस्व विभाग की प्रगति की विस्तृत रूप से समीक्षा की।

शासन स्तर पर सी०एम० डैशबोर्ड में माह मार्च 2026 की प्रगति की समीक्षा में पाया गया कि प्रदेश में जनपद को राजस्व विभाग की रैंक में 30वां स्थान प्राप्त हुआ है। संबंधित कार्यक्रमों से संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि माह अप्रैल 2026 की प्रगति में सुधार लाकर रैंकिंग में सुधार करें।

नियमति अन्तराल पर सम्बन्धित अधिकारियों से वर्चुअल कॉन्फ्रेंस करके समीक्षा की जाए यदि इसके बावजूद भी प्रगति नहीं होती है तो सम्बन्धित की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। बैठक में जिला गन्ना अधिकारी, जिला खाद्य व सुरक्षा अधिकारी, ड्रग इंस्पेक्टर, जिला आबकारी अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका बुलन्दशहर, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी सम्बंधित अधिकारियों को प्राथमिकता पर योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

# टूटी सड़क बनवाने की ग्रामीणों ने डीएम से की मांग



वेलकम इंडिया संवाददाता

**अहमदगढ़/बुलंदशहर।** शिकारपुर तहसील क्षेत्र के गांव हजरतपुर नगला और मामऊं को जाने वाले संपर्क मार्ग की जर्जर हालत ग्रामीण परेशान। गांव मामऊं और नगला हजरतपुर को जाने वाले संपर्क में गहरे गड्ढे बने हैं राहगीरों का पैदल चलना हुआ दूभर यह मार्ग दोनों गावों की तरफ करीब एक एक किलो मीटर टूटा हुआ पड़ा है विभागीय जिम्मेदार अधिकारी बेखबर है। मामऊं एवं नगला हजरतपुर के ग्रामीणों ने डीएम से जांच कराकर टूटी सड़क बनवाने की मांग की है। मांग करने वालों में पिंटू चौधरी कपिल नीरज कुमार बंटी इंद्रपाल सिंह नरेश कुमार सुमरपाल सिंह धर्मेंद्र शर्मा आदि ने की है।

# टूबा लेदर के ब्रांड शूट में चमका लखनऊ, एंजेल नीलिमा और वरुण जोशी बने आकर्षण का केंद्र

समर्थ कुमार सक्सेना

**लखनऊ (वेलकम इंडिया)।** लखनऊ में कानपुर स्थित चमड़ा बेल्ट निर्माण कंपनी टूबा लेदर द्वारा एक भव्य व्यापारिक ब्रांड शूट का आयोजन किया गया। इस आयोजन को जी संगीत कंपनी से जुड़ीं अभिनेत्री एंजेल नीलिमा द्वारा सहयोग, प्रस्तुत और समर्थन दिया गया। एंजेल नीलिमा, एंजेल्स कास्टिंग हब और एक्सनील पब्लिक स्टूडियो की संस्थापक भी हैं। यह कार्यक्रम फैशन, व्यापार और मनोरंजन उद्योग के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण बना। पूरे कार्यक्रम और मीडिया प्रबंधन की जिम्मेदारी एंजेल्स कास्टिंग हब ने संभाली, जबकि छायांकन, सज्जा, परिधान और रूप सज्जा का कार्य एक्सनील पब्लिक स्टूडियो द्वारा किया गया। आयोजन स्थल सहयोगी स्टूडियो एन स्टूडियो रहा, जिसने कार्यक्रम को उत्कृष्ट और पेशेवर वातावरण प्रदान किया। कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेता वरुण जोशी और प्रसिद्ध मॉडल-



प्रभावकर्ता जारा शेख विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मिसेज इंडिया यूनिवर्स कॉन्जेनियलिटी इशिता रस्तोगी की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा





बढ़ाई। इस ब्रांड शूट ने उभरते मॉडलों, छायाकारों, रूप सज्जा कलाकारों और डिजाइनरों को राष्ट्रीय ब्रांडों के साथ काम करने का मंच दिया। प्रतिभागियों को आश्चर्य उपहार भी दिए गए। यह आयोजन स्थानीय प्रतिभाओं और राष्ट्रीय ब्रांडों के बीच बढ़ते समन्वय को दशार्ता है और लखनऊ को फैशन, मीडिया और मनोरंजन के उभरते केंद्र के रूप में मजबूत करता है।

# आज हर्ष उल्लास के साथ निकाली जाएगी बाबा साहब की शोभायात्रा



वेलकम इंडिया संवाददाता

**शिकारपुर।** अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव हजरतपुर और मामऊं गांव में 14अप्रैल को अम्बेडकर जयंती बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाई जाएगी। हजरतपुर गांव में अंबेडकर जयंती पर गांव शोभायात्रा निकाली जाएगी। वही मामऊं गांव में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों में बाबा साहब के अनुयाई जुटे हुए हैं। जोकि अंबेडकर जयंती पर अंबेडकर पार्कों को विशेष रूप से सजाया जा रहा है। एडीओ पंचायत शेरपाल सिंह द्वारा शिकारपुर ब्लॉक की तरफ से सफाई व्यवस्था को लेकर सफाई कर्मियों को भी लगाया गया है। अहमदगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया है कि अंबेडकर जयंती को सकुशल संपन्न कराने को लेकर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। थाना क्षेत्र में जहां जहां पर बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित है उन सभी जगह पर प्रतिमाओं पर पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है।

# शिव कुमार अग्रवाल जनता इंटर कॉलेज में बाबा साहेब की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

वेलकम इंडिया संवाददाता





**जहाँगीराबाद।** नगर स्थित शिव कुमार अग्रवाल जनता इंटर कॉलेज में संविधान शिल्पी डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में विद्यालय परिवार ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य सी.पी. अग्रवाल एवं हिंदी प्रवक्ता जयप्रकाश भारती द्वारा डॉ. बी आर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण के साथ किया गया। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने भारतीय संविधान के निर्माण में न केवल मुख्य भूमिका निभाई, बल्कि अपना पूरा जीवन समाज के वंचित वर्गों के उत्थान, शिक्षा के प्रचार और समानता की स्थापना के लिए समर्पित कर दिया।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाषण, कविता पाठ और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बाबा साहेब के जीवन संघर्षों को याद किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विकास दीक्षित द्वारा किया गया।

उन्होंने अपने संबोधन में युवाओं से बाबा साहेब के 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' के नारे को आत्मसात करने का आह्वान किया। वहीं प्रवक्ता जयप्रकाश भारती ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने दशकों पहले थे। उनका जीवन हर उस व्यक्ति के लिए प्रेरणा है जो विपरीत परिस्थितियों में भी हार नहीं मानता। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के समस्त स्टाफ और विद्यार्थियों ने डॉ. अंबेडकर के बताए मार्ग और संवैधानिक मूल्यों पर चलने का सामूहिक संकल्प लिया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

# आइजीआरएस जनसुनवाई के अंतर्गत रामघाट थाने को मिला प्रथम स्थान



वेलकम इंडिया संवाददाता

**रामघाट/बुलंदशहर।** आईजीआरएस जन जनसुनवाई के अंतर्गत रामघाट थाने ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आपको बता दें जनपद बुलंदशहर में रामघाट थाने ने आई जी आर एस जनसुनवाई के अंतर्गत रामघाट थाना प्रभारी संदीप सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

# विदेश भेजने के नाम पर जाल साजों ने ठगे लाखों पीड़ित ने एसएसपी से की शिकायत रिपोर्ट दर्ज

वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** अहार क्षेत्र के गांव मौहरसा निवासी पीड़ित रोहित लोधी समेत पांच युवकों ने दो जालसाजों के विरुद्ध विदेश भेजने के नाम पर एसएसपी बुलंदशहर के आदेश पर हुई रिपोर्ट दर्ज। पीड़ित रोहित लोधी पुत्र विजय सिंह ने बताया कि कोतवाली स्याना अन्तर्गत बरौली निवासी सोनू पुत्र गम्भीर सिंह से नवम्बर 2025 में मुलाकात हुई थी। उसने मुझे विदेश भेजने के बारे में जानकारी दी और इस एवज में मुझसे एक लाख पैंसठ रुपए फोन पे करा लिए।इसका एक साथी यामीन खां निवासी धमेड़ा अड्डा बुलंदशहर भी है। मेरा पासपोर्ट भी अपने पास रख लिया। इन्होंने मुझे और चार साथियों को दस फरवरी 2026 को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुलाया था। वहां पहुंचे और इनको फोन लगाया तो स्विच ऑफ हो गया।हम पांचों लोग थक हार अपने अपने घर आ गए। एसएसपी से पीड़ितों ने आरोपियों से ली गई रकम वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

# अंबेडकर जयंती की परमिशन लेने के लिए तहसील में भटक रहे लोग

## दर्जनों गांव के लोग एकत्रित होकर एसडीएम आवास पर परमिशन लेने पहुंचे डॉ भीमराव अंबेडकर के अनुयाई



वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** शिकारपुर तहसील में सोमवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की शोभायात्रा की परमिशन लेने के लिए दर्जनों गांव के ग्रामीण पहुंचे एसडीएम के आवास तक। शिकारपुर विधानसभा के पूर्व विधायक मुंशीलाल गौतम भी परमिशन को लेकर एसडीएम के आवास पर पहुंचे थे लेकिन एसडीएम ने कहा है कि जिन लोगों की थाने और संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी गई थी वह पूरी की गई है तो उन्हीं गांव के लोगों की परमिशन स्वीकृत की जा रही है। उधर भीमराव अंबेडकर के अनुयायियों ने बताया है कि हम कई दिनों से परमिशन को लेकर अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं लेकिन परमिशन अधिकांश कैंसिल की जा रही है आखिर यह परमिशन बाबा साहब के नाम पर ही नहीं बन पाती हैं और भी इस देश में धार्मिक कार्यक्रम होते हैं उनके लिए परमिशन तो ली जाती हैं लेकिन परमिशन लेने में कोई भी कठिनाई नहीं आती है जहां अंबेडकर जयंती की बात की जाए तो वहां बाबा साहब के नाम पर अंबेडकर जयंती मनाने के लिए परमिशन के लिए कड़ी मशक्कत की जाती है। अंबेडकर जयंती की परमिशन न मिलने के कारण तमाम ग्रामीण मायूस होकर अपने-अपने घर लौटे। क्या ऐसी स्थिति में अंबेडकर के अनुयाई जयंती मना पाएंगे या नहीं बड़ा सवाल आखिर क्यूं। वहीं पूर्व विधायक मुंशीलाल गौतम ने कहा है कि अंबेडकर जयंती हर वर्ग के लोग बूथ स्तर तक मना रहे हैं उसे कोई नहीं रोक सकता किसी को मायूस होने की जरूरत नहीं है। जिसमें सुभाष सिंह अनौना उटरावली जितेंद्र जगदीशपुर प्रमोद बरौला जितेंद्र गौतम हुलासन आशीष भारती डोमला रोनू सहित अन्य गांव के तामम लोग पहुंचे।

# प्रधानों का जोरदार धरना, चुनाव समय पर कराने या कार्यकाल बढ़ाने की उठाई मांग



वेलकम इंडिया संवाददाता

**जहांगीराबाद।** सोमवार को जहांगीराबाद ब्लॉक मुख्यालय पर अखिल भारतीय प्रधान संगठन के बैनर तले ग्राम प्रधानों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों को जोरदार तरीके से उठाया। प्रधानों ने पंचायत चुनाव समय पर कराए जाने अथवा चुनाव होने तक वर्तमान प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाए जाने की मांग की। धरने की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चौधरी जगमाल सिंह मावई ने की। इस दौरान प्रधानों ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी (VDO) मनीष मिश्र को सौंपा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि समय पर चुनाव नहीं कराए जाते और कार्यकाल नहीं बढ़ाया जाता, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे तथा जरूरत पड़ने पर उच्च न्यायालय का रुख भी करेंगे। प्रधानों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि वे किसी भी सूरत में पंचायत एडीओ या बीडीओ को ग्राम पंचायत का प्रशासक नहीं बनने देंगे। उनका कहना था कि यदि चुनाव में देरी होती है, तो वर्तमान प्रधानों को ही प्रशासक नियुक्त किया जाना चाहिए।

# 19 अप्रैल को धूमधाम से मनाई जाएगी परशुराम जयंती, निकलेगी भव्य प्रभात फेरी

वेलकम इंडिया संवाददाता

**जहांगीराबाद।** नगर में भगवान परशुराम जयंती के पावन पर्व को भव्यता के साथ मनाने की तैयारियाँ जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। परशुराम सेवा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक मोहल्ला मेमारान स्थित समिति के संरक्षक डॉ. सुभाष कौशिक के आवास पर आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से आगामी 19 अप्रैल को नगर में प्रभात फेरी निकालने का निर्णय लिया गया। बैठक में रूपरेखा तैयार करते हुए पदाधिकारियों ने बताया कि प्रभात फेरी मोहल्ला मेमारान स्थित लालजी मंदिर से शुरू होगी।

यह फेरी नगर के सभी प्रमुख मार्गों और चौराहों से होकर गुजरेगी। भ्रमण के पश्चात फेरी पुनः लालजी मंदिर पर



ही संपन्न होगी, जहाँ भगवान परशुराम जी की विशेष आरती और जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। समिति के संरक्षक डॉ. सुभाष कौशिक ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान परशुराम का जीवन साहस, धर्म की रक्षा और समाज के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक है। उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और समाज में एकता लाने की शक्ति रखते हैं।

वहीं गप्पी पंडित ने ब्राह्मण समाज की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि हमें अपने गौरवशाली इतिहास और संस्कारों से नई पीढ़ी को अवगत कराना होगा। संगठित समाज ही अपनी परंपराओं को जीवित रख सकता है। जयंती के उपलक्ष्य में केवल धार्मिक यात्रा ही नहीं, बल्कि सेवा कार्य भी किए जाएंगे।

पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि कार्यक्रम के समापन के बाद भईपुर दोराहा पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नगरवासी प्रसाद ग्रहण करेंगे।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से शामिल होने की अपील की है। बैठक में मुख्य रूप से नरेंद्र पाठक, अजय कौशिक, गप्पी पंडित, रोहित पाठक, प्रवीन शर्मा, शैंकी पाठक, गौरव पंडित, दिशु पंडित, सोनू पंडित, राजीव पंडित, कपिल शर्मा, हिमांशु त्यागी, सुरेश कौशिक, ब्रह्मपाल शर्मा, अमृत शर्मा और अजय शर्मा सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# थाना सलेमपुर पुलिस ने 1 घंटे में गुम हुआ ब्रीफकेस किया बरामद, लाइसेंसी रिवॉल्वर समेत सामान मालिक को सौंपा

वेलकम इंडिया संवाददाता



**बुलंदशहर।** सोमवार को दलवीर सिंह पुत्र दलपत सिंह निवासी शास्त्री नगर थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर ने थाना सलेमपुर पर सूचना दी कि शिकारपुर से बुलन्दशहर जाते समय उसका एक ब्रीफकेस कही गिर गया है जिसमें उसकी लाईसेंसी रिवाल्वर, लाईसेंस, चैकबुक व कुछ पैसे है। काफी तलाश करने के बाद भी नही मिला।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में थाना सलेमपुर पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए आमजन की मदद से पीडित का गुम हुआ ब्रीफरेस सामान सहित मात्र 01 घंटे के अन्दर बरामद कर पीडित को सुपुर्द किया गया। पीडित द्वारा गुम हुआ ब्रीफकेस पाकर सलेमपुर पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नितिन जावला व0उ0नि0 स्वदेशपाल सिंह।है0का0 जुगल किशोर, का0 ध्रुव कुमार शामिल रहे।

# किडजी मोदीनगर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाने वाला गौरवशाली सम्मान

**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** किडजी मोदीनगर ने एक बार फिर शिक्षा-क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता का परिचय दिया है। किडजी मोदीनगर के मैनेजिंग डायरेक्टर अनमोल बंसल को प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ उभरते स्कूल स्वामी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान अंतर्राष्ट्रीय व्यापार एवं शिक्षा पुरस्कार 2026 के मंच पर प्रदान किया गया, जो देश के प्रमुख शिक्षा सम्मानों में से एक है।



इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविख्यात भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने करकमलों से यह पुरस्कार प्रदान किया। यह कार्यक्रम दिल्ली के प्रतिष्ठित हयात सेंट्रिक होटल में आयोजित किया गया, जहाँ देशभर से शिक्षा और व्यवसाय जगत के कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। यह उपलब्धि पूरे मोदीनगर शहर के लिए अत्यंत गर्व का विषय है।

किडजी मोदीनगर द्वारा प्री-स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में स्थापित किए गए उच्च मानक, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पद्धति और बच्चों के समग्र विकास के प्रति समर्पण को इस सम्मान के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। पुरस्कार प्राप्त करते हुए अनमोल बंसल ने इस सम्मान को अपने परिवार को समर्पित किया।

उन्होंने भावुक होकर कहा कि उनके परिवार के निरंतर सहयोग, मार्गदर्शन और विश्वास के बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी। साथ ही उन्होंने इस सफलता का श्रेय किडजी मोदीनगर की पूरी टीम, अभिभावकों और बच्चों को भी दिया, जिन्होंने हर कदम पर उनका साथ दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा 'यह सम्मान मेरे परिवार के आशीर्वाद और हमारी पूरी टीम के अथक प्रयासों का परिणाम है। हम आगे भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए इसी समर्पण और गुणवत्ता के साथ कार्य करते रहेंगे।' किडजी मोदीनगर की पूरी टीम ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान संस्था को और अधिक उत्कृष्टता की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित करेगा। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि न केवल किडजी मोदीनगर के लिए, बल्कि पूरे मोदीनगर शहर के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, जो यह दशार्ती है कि समर्पण, गुणवत्ता और निरंतर प्रयास से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बनाई जा सकती है।

# भगवान परशुराम का जन्मोत्सव 19 अप्रैल को मनाया जाएगा -भारद्वाज

**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा 258 के राष्ट्रीय महामंत्री शिव मोहन भारद्वाज ने बताया कि भगवान परशुराम जी का जन्मदिन अक्षय तृतीया को हुआ था ।

इस बार अक्षय तृतीया भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव 19 अप्रैल 2026 को मनाया जाएगा ' भारद्वाज ने बताया की कार्यक्रम अधिक होने की वजह से 19 अप्रैल से लेकर 30 मई तक विभिन्न स्थानों पर भगवान परशुराम जी का जन्मदिन बड़े धूम धाम से मनाया जाएगा ।

इसी परपेक्ष में उन्होंने बताया की 19 अप्रैल सुबह 9:00 बजे



पं. शिव मोहन भारद्वाज

ग्राम अबूपुर में शोभायात्रा ।जिला बागपत के अमीनगर सराय में सुबह 10:00 बजे कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा ।

इसके बाद 2:00 बजे शामली में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा ।तीनों कार्यक्रमों में राष्ट्रीय अध्यक्ष बी डी शर्मा जी के साथ शिवमोहन भारद्वाज उपस्थित रहेंगे।

भारहाज जी ने बताया की प्रत्येक ब्राह्मण अपने घर में 19 अप्रैल को अच्छे-अच्छे पकवान बनाकर भगवान परशुराम जी का जन्मदिन मनाएं और बच्चों को उनके बारे में बताएं कि उन्होंने किस प्रकार दुष्टों का अंत किया और संपूर्ण पृथ्वी पर अपना अधिकार स्थापित किया बाद में महर्षि कश्यप को सारी पृथ्वी दान करके महेंद्र पर्वत पर विराजमान हो गए ।

भगवान परशुराम चिरंजीवी भगवान है ।आज भी जीवित है । इसलिए उनकी जयंती नहीं जन्मदिन मनाया जाता है।

# बाबा भीमराव अंबेडकर व महात्मा ज्योतिराब फुले का जन्मदिन मनाया



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** तहसील परिसर मोदीनगर में बार एसोसिएशन मोदीनगर के बैनर तले बाबा भीमराव अंबेडकर व महात्मा ज्योतिराब फुले का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चेयरमैन मोदीनगर विनोद वैशाली व तहसीलदार मोदीनगर रजत सिंह उपस्थित रहे ।कार्यक्रम में अतिथिगण में उपनिबंधक मोदीनगर भरत जुमनानी नायब तहसीलदार प्रशांत सक्सैना व शहर के सम्मानित व्यक्तियों ने भाग लिया। इस अवसर पर केक काटकर महापुरुषों का जन्मदिन मनाया गया तथा भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बार अध्यक्ष जगबीर सिंह उत्तम त्यागी राकेश कुमार एडवोकेट अजीत कुमार एडवोकेट हरिंदर सिंह जाटव राजकुमार चौधरी एडवोकेट अरुण शर्मा एडवोकेट सौरभ मुद्गल एडवोकेट अनुराग गुप्ता एडवोकेट सोनी कुशवाहा एडवोकेट रेखा गिरी एडवोकेट मनोज कुमार एडवोकेट आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन राजकुमार गुप्ता एडवोकेट द्वारा किया गया।

# दशमेश खालसा समिति सेवा ट्रस्ट द्वारा बैसाखी मेले के भव्य आयोजन में उमड़ा जन सैलाब

**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** मोदीनगर दशमेश खालसा समिति सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष विकास भसीन के नेतृत्व में बैसाखी मेले का आयोजन गुरु महाराज जी के चरणों में अरदास करके गुनगुन फार्म कादराबाद मोदीनगर पर किया गया। सांसद डॉ राजकुमार सांगवान द्वारा जोत प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की गई।



विकास भसीन ने बताया कि यह संस्थान अपने आप में शहर और आसपास के एरिया में एक उदाहरण के रूप में होगा । जो कि शायद पूरे पश्चिम उत्तर प्रदेश का पहला ऐसा संस्थान होगा। कार्यक्रम में उमड़े जन सैलाब ने दशमेश खालसा द्वारा दी जा रही सामाजिक कार्यों सेवाओं और सेवा की सोच की दिल खोलकर कर प्रशंसा की। दशमेश खालसा द्वारा दूसरा बैसाखी मेला बड़े ही उत्साह के साथ मनाने के साथ साथ ट्रस्ट द्वारा मोदीनगर शहर में अपनी किसी न किसी रूप में सेवा दे रही संस्थाओं को भी सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मेले में पहुंचे सभी पत्रकार भाइयों का भी मंच पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों और शहर विधायक डॉ मंजू सिवाच द्वारा सम्मान प्रतीक देकर सम्मान किया गया।

बैसाखी मेले के कार्यक्रम में सांसद डॉ राजकुमार सांगवान,विधायक डॉक्टर मंजू शिवाच,चेयरमैन विनोद वैशाली तथा शहर के सभी गणमान्य लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।बैसाखी मेले के कार्यक्रम में लगभग 5000 से भी ज्यादा लोग उपस्थित रहे। बैसाखी मेले के मुख्य आकर्षण पंजाबियाँ दी शान भांगड़ा,बच्चो के लिये झूले,लाइव फूड स्टाल्स आदि ।सभी उपस्थित परिवार द्वारा बहुत ही उत्साह के साथ बैसाखी मेले का आनंद लिया गया। मेले में उपस्थित सभी परिवारों द्वारा ट्रस्ट के द्वारा आयोजित इस भव्य आयोजन के लिए खुलकर सराहना की और इसे ट्रस्ट द्वारा समाज को एकजुट करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताया गया ।दशमेश खालसा समिति ने यह आश्वासन दिया कि आने वाले समय में दशमेश परिवार समाज के हित होने वाले सभी सामाजिक कार्यों में आगे आकर अपनी सेवा निभाएगा। बैसाखी मेले में दशमेश खालसा समिति के सभी पदाधिकारी,ट्रस्टी,सभी सेवादार और महिला शक्ति टीम और युवाओं की टीम उपस्थित थे।

# एनएच-09 पर पुलिस का सख्त पहरा: डीसीपी धवल जायसवाल ने संभाली कमान



**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** जनपद में शान्ति एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रहा है। इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त नगर/मुख्यालय श्री धवल जायसवाल द्वारा सहायक पुलिस आयुक्त इन्दिरापुरम एवं पुलिस बल के साथ एनएच-09, सेक्टर-62 कट थाना इन्दिरापुरम क्षेत्र का व्यापक भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान डीसीपी ने मौके पर पहुंचकर क्षेत्र की वर्तमान स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया और यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारीगण एवं पुलिस कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे हर समय सतर्क रहें और यातायात को सुचारू रूप से संचालित कराएं, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पुलिस उपायुक्त ने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित की जाए। इस दौरान पुलिस बल पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात नजर आया। पुलिस की सक्रियता से आमजन में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है और क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए लगातार प्रयास जारी हैं।

# सर्वधर्म सभा द्वारा दो निर्धन कन्याओं का विवाह संस्कार सम्पन्न कराया

**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** मोदीनगर की जानी मानी सामाजिक संस्था 'सर्वधर्म सभा' द्वारा छत्रि वाले शिव मंदिर में दो निर्धन कन्याओं का विवाह संस्कार सम्पन्न कराया गया। 'सर्वधर्म सभा' के संरक्षक संदीप गुप्ता और वरिष्ठ कार्यकर्ता - डॉ. आशाराम गुप्ता ने संयुक्त रूप से बताया कि सभा सुयोग्य गरीब कन्याओं का विवाह-आवेदन प्राप्त होने के उपरान्त कन्या के परिवार को जाँच परख कर करती है। यह संस्था द्वारा कराया गया 90वाँ एवम् 91वाँ विवाह संस्कार है। सैद्धांतिक रूप से यह विवाह संस्कार बिना किसी दान-दहेज के सम्पन्न कराया जाता है, मगर फिर भी संस्था द्वारा घरेलु उपयोग का कुछ जरूरी सामान उपहार स्वरुप विदाई के समय दिया जाता है। सामाजिक संस्था ₹सर्वधर्म सभा₹ की स्थापना मोदीनगर के प्रमुख उद्योगपति और समाजसेवी



₹मोदीनगर रत्न₹ स्व. सतीश कुमार गुप्ता जी ने 1999 में की थी। तब से ही यह संस्था समाज-कल्याण के विभिन्न कार्यों में जुटी है। नवयुगल दम्पति को आशीर्वाद देने वालों में सांसद राजकुमार सांगवान, भूतपूर्व राज्य मंत्री राम किशोर अग्रवाल, विधायक श्रीमती मंजू शिवाच, नगरपालिका चेयरमैन विनोद वैशाली जी, मंजीत चौधरी, संतोष अरोड़ा, गोल्डन लायनेस क्लब, जगरानी गौतम, प्रमोद कुमार गुप्ता, बसंत शर्मा, रूप चंद शर्मा, नरेश अग्रवाल, सुरेन्द्र गुप्ता, विजय, बालक राम कश्यप, महेन्द्र शर्मा, सहस्त्र पाल सिंह, अरविन्द शर्मा, वेद प्रकाश गुप्ता, दिनेश चंद्र शर्मा, योगेन्द्र अग्रवाल, सत्यनारायण शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, सतीश चौधरी सहित शहर के अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे।

# मोना अग्रवाल को श्री वैश्य कुटुम्ब सेवा समिति का संरक्षिका बनाया



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** श्री वैश्य कुटुम्ब सेवा समिति (पंजी) ने श्रीमती मोना अग्रवाल को संरक्षिका बना उन्हें ओढना पहनाकर व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। प्रदेश चेयरमैन, जिला पालक व मोदीनगर महिला, समिति प्रभारी डा. वर्षा गुप्ता ने बताया कि श्रीमती मोना अग्रवाल को संरक्षिका के पद हेतु सम्मानित करके उन्हे बेहद प्रसन्नता हो रही है। श्रीमती मोना अग्रवाल बेहद शान्त, सरल व्यक्तित्व की धनी, व्यावहारिक व बहुत ही सादगीपूर्ण महिला है। श्रीमती मोना अग्रवाल शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी भूपेन्द्र अग्रवाल (पेपर मिल वाले) की जीवन संगिनी है। समाज सेवा मे भूपेन्द्र अग्रवाल सदैव से ही अग्रणीय रहे है। अब उसी पथ पर श्रीमती मोना अग्रवाल भी अग्रसर हो चली है। संरक्षिका श्रीमती मोना अग्रवाल को सम्मानित करने वालों में डा. वर्षा गुप्ता के साथ समन्वय समिति की सभी सदस्य एकता अग्रवाल, पूनम गर्ग, कल्पना गुप्ता, मुदिता जैन, शालिनी गर्ग,प्रिंयका मोदी, शालू जिन्दल, अर्चना गुप्ता, व प्रतिभा गर्ग उपस्थित रही। श्रीमती मोना अग्रवाल ने सभी का स्वागत बहुत ही व्यवहार कुशलता व आत्मिकता से किया।

# बैसाखी के अवसर पर पंजाबी संगठन द्वारा किया गया विशाल लंगर सेवा का आयोजन

**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** बैसाखी के पावन अवसर पर पंजाबी संगठन मोदीनगर एवं महिला पंजाबी संगठन मोदीनगर की ओर से रुक्मणी मार्केट, मोदीनगर में विशाल लंगर सेवा का आयोजन किया गया। इस सेवा में क्षेत्र के अनेक लोगों ने भाग लिया और श्रद्धा के साथ लंगर ग्रहण किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथियों के रूप में विधायक मंजू शिवाच, चेयरमैन विनोद वैशाली एवं डॉ. पूनम गर्ग उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने स्वयं लंगर वितरण कर सेवा भाव का संदेश दिया।

साथ ही पूर्व विधायक सुदेश शर्मा एवं पूर्व चेयरमैन अशोक माहेश्वरी भी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन पंजाबी संगठन के अध्यक्ष अजय ग्रोवर एवं उनकी पूरी टीम के नेतृत्व में किया गया।



साथ ही महिला पंजाबी संगठन की अध्यक्षा डॉ. शालिनी नैयर के साथ उनकी टीम हर्षिता चौधरी, शशि ढींगरा, गीता मोहन अरोड़ा, लीपाक्षी ग्रोवर, रितु कपूर, चरणजीत कौर एवं सीमा गुलाटी भी कार्यक्रम में सक्रिय रूप से उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु चेयरमैन विनोद वैशाली का विशेष आभार व्यक्त किया गया, जिन्होंने कार्यक्रम के लिए स्थान उपलब्ध कराया एवं अपनी ओर से पानी की सेवा भी प्रदान की।

इसके अतिरिक्त सभी प्रेस प्रतिनिधियों का भी हार्दिक धन्यवाद जिनके सहयोग से कार्यक्रम की जानकारी व्यापक रूप से जन-जन तक पहुंची। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सेवा, सहयोग और समाज में भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना रहा, जिसे सभी ने मिलकर सफल बनाया।

# महावीर जयंती, बैसाखी और डॉ. अम्बेडकर जयंती का भव्य उत्सव

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विवेकानंद सभागार में सोमवार को महावीर जयंती, बैसाखी तथा डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती का संयुक्त समारोह हर्षोल्लास और सांस्कृतिक रंगों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने गीत, भाषण, स्लोगन, कविता पाठ एवं नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से महावीर स्वामी और बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के आदर्शों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। बैसाखी पर्व से जुड़े लोकनृत्य और गीतों ने दर्शकों में उत्साह और नई ऊर्जा का संचार किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान की डायरेक्टर डॉ. अलका अग्रवाल ने कहा कि सभी धर्मों का मूल उद्देश्य समाज से जातीय भेदभाव और कुप्रथाओं को समाप्त कर शांति और सौहार्द स्थापित करना है।





उन्होंने कहा कि भगवान महावीर और डॉ. अम्बेडकर दोनों ही महान व्यक्तित्व समाज को एकजुट करने और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए जीवनभर संघर्षरत रहे।

महावीर स्वामी के 'जियो और जीने दो', आत्मसंयम और सह-अस्तित्व के संदेश आज भी समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर किसी एक धर्म के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के मार्गदर्शक हैं।

उनके अहिंसा, करूणा और प्रेम के सिद्धांत वर्तमान समय की हिंसात्मक प्रवृत्तियों को रोकने की क्षमता रखते हैं। वहीं डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने संविधान निर्माण के माध्यम से समाज में समानता, न्याय और सम्मान की नींव रखी तथा दलितों को सामाजिक अधिकार दिलाने के लिए ऐतिहासिक संघर्ष किया।

समारोह का शुभारंभ डॉ. अलका अग्रवाल द्वारा मां सरस्वती, भगवान महावीर, डॉ. अम्बेडकर और भारत माता की प्रतिमाओं के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ किया गया। इसके बाद बी.एड, एचएसएस, बीबीए, बीसीए और एलएलबी विभागों के विद्यार्थियों-खुशबू, मुस्कान, तृप्ति जैन, अनीस, रितु, हर्ष, यथार्थ, लीना, जिया चौहान, करिश्मा, रुबी एंड ग्रुप तथा प्रिया एंड ग्रुप ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में संस्थान के विभिन्न विभागों के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन साक्षी और सिमरन ने किया। समारोह ने शिक्षा के साथ संस्कृति, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय मूल्यों को मजबूत करने का संदेश दिया।

# गांव तलहेटा में स्वास्थ्य जागरूकता, जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन

**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तलहेटा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक व्यापक स्वास्थ्य जागरूकता, जांच एवं उपचार शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाना, गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान करना तथा जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायिका डॉ. मंजू शिवाच उपस्थित रहीं। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ब्लॉक प्रमुख श्रीमती



सुचेता सिंह ने भी कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए महिलाओं से विशेष रूप से आगे आकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम प्रभारी चिकित्सा अधिकारी भोजपुर डॉ रवि शर्मा द्वारा ग्रामीणों को एच पी वी वैक्सीनेशन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिसमें महिलाओं एवं किशोरियों को यह बताया गया कि एच पी वी वैक्सीन गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल कैंसर) से बचाव में अत्यंत प्रभावी है। इसके साथ ही महिला सशक्तिकरण के विषय पर भी विस्तृत चर्चा की गई,इस विषय पर उपस्थित महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने एवं समाज में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया ।टीबी उन्मूलन अभियान के अंतर्गत विशेष प्रयास करते हुए 95 व्यक्तियों का एक्स-रे किया गया। इस प्रक्रिया के माध्यम से संभावित टीबी रोगियों की पहचान की गई। आयोजित हेल्थ कैंप में कुल 250 व्यक्तियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। जिनमें सामान्य स्वास्थ्य जांच, परामर्श, दवा वितरण एवं आवश्यक परीक्षण शामिल रहे। शिविर में उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने प्रत्येक मरीज की गंभीरता से जांच कर उचित सलाह एवं उपचार उपलब्ध कराया। कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर एवं समस्त स्वास्थ्य टीम की सक्रिय भागीदारी रही। जिनके प्रयासों से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ ।यह आयोजन न केवल स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार का एक सशक्त उदाहरण बना, बल्कि ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# दादरी बाईपास पर बड़ा हादसा: दो स्कूल बसों की टक्कर में एक दर्जन बच्चे घायल, मची अफरा-तफरी






कपिल चौहान

**ग्रेटर नोएडा (वेलकम इंडिया)।** दादरी बाईपास पर सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने इलाके में हड़कंप मचा दिया। सुबह लगभग 7:30 बजे दो निजी स्कूलों जीसस मैरी स्कूल और राम यज्ञ स्कूल की बसें आमने-सामने टकरा गईं, जिसमें जीसस मैरी स्कूल की बस में सवार एक दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो गए।



## हादसे का विवरण

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जीसस मैरी स्कूल की बस बच्चों को उतारने के लिए सड़क किनारे रुक रही थी। उसी दौरान सामने से तेज रफ्तार में आ रही राम यज्ञ स्कूल की बस ने बस को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर चीख-पुकार मच गई।

## परिजनों ने सुनाई आपबीती

घायल बच्चों के परिजन जेपी मित्तल ने बताया कि उनके दो पोते भी बस में सवार थे। उनका आरोप है कि दूसरी बस काफी तेज रफ्तार में थी, जिसके कारण यह बड़ा हादसा हुआ। उन्होंने प्रशासन से स्कूल बस चालकों की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## स्थानीय लोगों ने बचाई जान

हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने साहस और तत्परता दिखाते हुए राहत कार्य शुरू किया। लोगों ने बच्चों को बस से बाहर निकालकर पास के निजी अस्पतालों में भर्ती कराया। कई बच्चों को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि कुछ बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

## पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त बसों को सड़क से हटाकर यातायात को सुचारू किया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

## प्रशासन से उठी मांग

हादसे के बाद अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने स्कूल बसों की तेज रफ्तार और लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

## जनसुनवाई में संवेदनशीलता का परिचय

# पुलिस अधिकारियों ने सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित निस्तारण के निर्देश

वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** जनपद में कानून-व्यवस्था के साथ-साथ आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त नगर/ट्रांसहिंडन धवल जायसवाल द्वारा ट्रांसहिंडन स्थित कार्यालय पर शिकायत लेकर पहुंचे नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके।

वहीं, पुलिस उपायुक्त ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी ने भी अपने कार्यालय पर जनसुनवाई करते हुए शिकायतकर्ताओं से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने भी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए।

पुलिस अधिकारियों की इस पहल से आमजन में विश्वास बढ़ रहा है और




लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद बंधी है। जनसुनवाई के माध्यम से पुलिस और जनता के बीच संवाद मजबूत हो रहा है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही भी सुनिश्चित हो रही है।

# लिंक रोड पुलिस की बड़ी सफलता: चेकिंग के दौरान 3 शातिर गिरफ्तार

वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** थाना लिंक रोड पुलिस टीम ने सघन चेकिंग अभियान के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी किया गया मोबाइल पार्ट्स का पैकेट, एक स्विफ्ट डिजायर कार, एक मोबाइल फोन और 20,000 रुपये नगद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, दिनांक 09 अप्रैल 2026 को वादी मनप्रीत सिंह निवासी कानपुर रोड, लखनऊ द्वारा थाना लिंक रोड पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में बताया गया कि उन्होंने 18 मार्च 2026 को एक पार्सल लखनऊ से कौशांबी (गाजियाबाद) भेजा था, जिसे उनके परिचित को प्राप्त करना था। लेकिन 19 मार्च की सुबह करीब 7 बजे कौशांबी बस स्टॉप पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा पार्सल चोरी कर लिया गया। पार्सल में नकदी और मोबाइल फोन रिपेयरिंग का सामान था।

इस शिकायत के आधार पर थाना



लिंक रोड पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया और पुलिस टीम जांच में जुट गई। इसी क्रम में 13 अप्रैल 2026 को चेकिंग के दौरान पुलिस ने कौशांबी बस अड्डे के पास से तीन अभियुक्तों–मोहनलाल, इकबाल उर्फ अभि सोलंकी और जवान राम–को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से चोरी किया गया पार्सल, घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार, 20,000 रुपये नगद और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया।

पुलिस ने बताया कि बरामदगी के आधार पर मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोत्तरी करते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# जनहित सर्वोपरि: विधान परिषद आश्वासन समिति की समीक्षा बैठक में प्रशासन को सख्त निर्देश

वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की आश्वासन समिति की समीक्षा बैठक मा० सभापति मो० जासमीर अंसारी के सभापतित्व में आयोजित की गई। बैठक में मा० सदस्य मुकुल यादव सहित समिति एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक से पूर्व जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा सभापति एवं समिति सदस्यों का पुष्पगुच्छ, पटका एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। समीक्षा बैठक में परिवहन, औद्योगिक विकास, श्रम, शिक्षा, विद्युत, लोक निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्ग, नगर विकास समेत विभिन्न विभागों से जुड़े 21 बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा की गई। सभापति मो० जासमीर अंसारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ हर





हाल में पहुंचना चाहिए। उन्होंने परिवहन विभाग को नियमों के अनुरूप संचालन सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए, ताकि यात्रियों की सुरक्षा बनी रहे। श्रम विभाग को निर्देशित किया गया कि श्रमिकों के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पात्र लोगों तक पहुंचे। वहीं शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान विद्यालयों के ऊपर से गुजर रही उच्च वोल्टेज विद्युत लाइनों को हटाने, आरटीई के तहत पूर्ण नामांकन सुनिश्चित करने तथा सीबीएसई बोर्ड में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू कराने पर जोर दिया गया। विद्यालयों में संचालित निजी वाहनों की जांच, पंजीकरण और अवैध वाहनों पर रोक लगाने के निर्देश भी दिए गए, जिससे छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। नगर विकास विभाग को सभी नालों को ढकने का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, ताकि दुर्घटनाओं और बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सके। बैठक के अंत में सभापति ने कहा कि सुरक्षित, स्वच्छ, शिक्षित एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की नैतिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। अंत में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# ऑपरेशन कन्विक्शन: मासूम की हत्या के दोषी को उम्रकैद

## गाजियाबाद पुलिस की मजबूत पैरवी से मिला इंसाफ

वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत एक जघन्य अपराध के मामले में प्रभावी पैरवी करते हुए अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा दिलाई गई है। साथ ही अदालत ने दोषी पर कुल 1 लाख 03 हजार रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया है। पुलिस आयुक्त गाजियाबाद के निर्देशन में गठित 'कन्विक्शन सेल' के सतत प्रयासों और थाना कविनगर के तत्कालीन विवेचक निरीक्षक राजकुमार शर्मा की गुणवत्तापूर्ण जांच के आधार पर यह सफलता प्राप्त हुई। मामले की सुनवाई के दौरान विशेष लोक अभियोजक संजीव कुमार बखरवा ने न्यायालय में सशक्त पैरवी की।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट), कोर्ट संख्या-02, गाजियाबाद ने दिनांक 13 अप्रैल 2026 को आरोपी पप्पू कुमार को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास व 50 हजार रुपये जुमार्ना, धारा 201 भादवि में 2 वर्ष कारावास व 3 हजार रुपये जुमार्ना तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 5/6 में 20 वर्ष के कठोर कारावास व 50 हजार रुपये जुमार्ने से दंडित किया।

गौरतलब है कि अभियुक्त ने एक नाबालिग बच्चे के साथ दुष्कर्म किया था। इस दौरान जब वादी के नाबालिग पुत्र ने घटना देख ली, तो आरोपी ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी थी। इस संबंध में 28 अक्टूबर 2018 को थाना कविनगर में मामला दर्ज कराया गया था। इस फैसले से न केवल पीड़ित परिवार को न्याय मिला है, बल्कि यह संदेश भी गया है कि गाजियाबाद पुलिस अपराधियों को सजा दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# रील बनाने की सनक बनी मौत का कारण, तेज रफ्तार बाइक ने ली युवती की जान




वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** सोशल मीडिया पर रील बनाने का बढ़ता क्रेज अब जानलेवा साबित हो रहा है। ताजा मामला थाना वेव सिटी क्षेत्र मे क्टर कॉलेज फ्लावर के पास एनएच-9 का है, जहां तेज रफ्तार स्पोर्ट्स बाइक पर रील बना रही युवती की दर्दनाक मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान इकरा 19 वर्ष के रूप में हुई है, जो देर रात अपने साथी हाशिम 20 वर्ष के साथ स्पोर्ट्स बाइक पर सवार होकर रील बना रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार में बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसा इतना भीषण था कि इकरा के सिर में गंभीर चोट आई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हादसे के समय हाशिम बाइक चला रहा था और इकरा रील बना रही थी। वहीं, कुछ प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे से ठीक पहले हाशिम उसका वीडियो रिकॉर्ड कर रहा था। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही हाशिम से भी पूछताछ की जा रही है।

## पुलिस की अपील:

पुलिस अधिकारियों ने युवाओं से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर लाइक्स और व्यूज के चक्कर में अपनी जान जोखिम में न डालें। यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित ड्राइविंग को प्राथमिकता दें।

# जीडीए ने शुरू किया समाधान शिविर, पहले दिन ही उमड़ी आवंटियों की भीड़

वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** आवंटियों की लंबे समय से लंबित रजिस्ट्री एवं नामांतरण संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए सोमवार को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने विशेष शिविर की शुरूआत कर दी है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आयोजित इस शिविर के पहले ही दिन बड़ी संख्या में आवंटी पहुंचे और अपनी समस्याएं दर्ज कराईं। आवंटियों की सक्रिय भागीदारी से स्पष्ट है कि यह पहल जनहित में बेहद प्रभावी साबित हो रही है। शिविर के प्रथम दिवस में विभिन्न आवासीय योजनाओं से जुड़े आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई की गई। सामान्य योजनाओं के अंतर्गत इंद्रप्रस्थ, संजयनगर, मधुबन-बापूधाम तथा प्रताप विहार योजनाओं से रजिस्ट्री के लिए कुल 17 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के अंतर्गत भी रजिस्ट्री से जुड़े 17 आवेदनों को दर्ज कर प्रक्रिया शुरू कर दी गई। नामांतरण यानी नाम दर्ज कराने से जुड़े मामलों



में भी आवंटियों की अच्छी भागीदारी रही। सामान्य योजनाओं के अंतर्गत 10 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 20 आवेदनों पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। प्राधिकरण अधिकारियों ने सभी मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित शाखाओं को तत्काल निर्देश जारी किए। विशेष शिविर के दौरान पहले से लंबित मामलों के समाधान में भी उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली। कुल 18 लंबित प्रकरणों का मौके पर निस्तारण करते हुए संबंधित आवेदकों को नाम दर्ज प्रमाण पत्र जारी किए गए, जिससे आवंटियों को बड़ी राहत मिली।

प्राधिकरण प्रशासन ने कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से अधिकारियों को स्पष्ट और सख्त निर्देश दिए हैं।

# ऑपरेशन प्रहार के तहत गाजियाबाद पुलिस की मुहिम तेज, छात्रों को नशा

## अवैध हथियार और साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** जनपद को नशा मुक्त एवं अवैध हथियार मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन प्रहार' के अंतर्गत गाजियाबाद पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में दिनांक 13 अप्रैल 2026 को सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली नगर श्रीमती उपासना पाण्डेय एवं थाना विजयनगर पुलिस टीम ने क्षेत्र के एक शिक्षण संस्थान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम, अवैध हथियारों के खतरे तथा कानून के प्रति जागरूक रहने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने और गलत गतिविधियों




से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा एवं सशक्तिकरण से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर जानकारी दी गई। उपस्थित विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताते हुए ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल और सोशल मीडिया के दुरुपयोग से सतर्क रहने की सलाह दी गई। गाजियाबाद पुलिस द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान न केवल कानून व्यवस्था को मजबूत कर रहा है, बल्कि युवाओं में जागरूकता फैलाकर एक सुरक्षित और जिम्मेदार समाज के निर्माण में भी अहम भूमिका निभा रहा है।

# गाजियाबाद के छात्रों का योग में जलवा: विद्या ज्योति पब्लिक स्कूल के समर और तनिष्क ने जीते कई पदक

कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद के कृष्ण विहार कॉलोनी स्थित विद्या ज्योति पब्लिक स्कूल के छात्रों ने मुजफ्फरनगर में आयोजित योगासन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता सर छोटू राम डिग्री कॉलेज, मुजफ्फरनगर द्वारा




आयोजित की गई थी, जिसमें विभिन्न स्कूलों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र समर ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण पदक अपने नाम किए। समर ने ट्रेडिशनल, आर्टिस्टिक सोलो, आर्टिस्टिक पेयर और रिदमिक पेयर कैटेगरी में गोल्ड मेडल हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वहीं छात्र तनिष्क ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आर्टिस्टिक पेयर में गोल्ड, रिदमिक पेयर में सिल्वर और ट्रेडिशनल में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय की प्रिंसिपल नीलम त्यागी ने छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि स्कूल में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाता है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी पूरी लगन और मेहनत के साथ तैयारी करते हैं, जिसका परिणाम इस प्रकार की उपलब्धियों के रूप में सामने आता है। विद्यालय परिवार और अभिभावकों ने छात्रों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर 9 वर्षीय बालक की मौत

गाजियाबाद। खोड़ा थाना क्षेत्र के पवन विहार में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से नौ वर्षीय बालक की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, वहीं अस्पताल में पोस्टमार्टम को लेकर परिजनों और पुलिस के बीच काफी देर तक विवाद की स्थिति बनी रही। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव के अनुसार पवन विहार निवासी जमशेद के एक मंजिला मकान की बालकनी में उनका बेटा गुलाम रजा खेल रहा था। इसी दौरान बालकनी के पास से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में वह आ गया। अचानक हुए हादसे को देखकर नीचे मौजूद लोगों ने तुरंत परिवार के सदस्यों को सूचना दी। परिजन गंभीर रूप से झुलसे बालक को आनन–फानन में पास के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया।